इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव




वर्ष- 45 | अंक - 195 | राजनांदगांव, बुधवार 03 जून 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## CBSE में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल: चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव का तबादला, OSM खरीद प्रक्रिया की होगी जांच

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सीबीएसई से जुड़े मामलों में बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए बोर्ड के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का तबादला कर दिया है। इसके साथ ही सीबीएसई द्वारा ऑन-स्क्रीन मार्किंग सेवाओं की खरीद प्रक्रिया की जांच के लिए एक विशेष जांच समिति का गठन किया गया है।



### एस. राधा चौहान होंगी कमेटी की अध्यक्ष

सूत्रों के अनुसार यह जांच समिति ओएसएम सेवाओं की खरीद, टेंडर प्रक्रिया और उससे जुड़े विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करेगी। जारी आदेश के अनुसार इस जांच समिति की अध्यक्षता कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन की चेयरपर्सन एस. राधा चौहान करेंगी। समिति को सीबीएसई द्वारा ओएसएम सिस्टम के लिए सेवाओं की खरीद से जुड़े सभी मामलों की जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### क्या है पूरा विवाद?

सीबीएसई ने इस वर्ष 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों के मूल्यांकन के लिए बड़े स्तर पर ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम लागू किया था। इसका उद्देश्य मूल्यांकन प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाना था, लेकिन कई छात्रों ने दावा किया कि उन्हें जो स्कैन की गई उत्तर पुस्तिका दिखाई गई, वह उनकी अपनी नहीं थी। कुछ मामलों में उत्तर पुस्तिकाओं के पन्ने धुंधले नजर आए, जबकि कई जगह पन्ने अधूरे या खाली दिखाई देने की शिकायतें भी सामने आईं। इससे छात्रों और अभिभावकों में असंतोष बढ़ गया।

### सीबीएसई ने भी स्वीकार की गड़बड़ियां

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सीबीएसई अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान करीब 20 मामलों में उत्तर पुस्तिकाएं आपस में बदल गई थीं। इसके अलावा गलत ग्रेडिंग, मूल्यांकन संबंधी त्रुटियां और तकनीकी समस्याओं की शिकायतें भी मिलीं। छात्रों को उत्तर पुस्तिकाएं देखने और अन्य सेवाओं के लिए इस्तेमाल किए जा रहे OnMark पोर्टल पर भुगतान संबंधी दिक्कतों की भी शिकायत रही। कई बार पोर्टल की कार्यक्षमता और सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठाए गए।

### संसद तक पहुंचा मामला

सीबीएसई की मूल्यांकन प्रक्रिया से जुड़ा यह विवाद अब संसद तक पहुंच चुका है। विपक्षी नेताओं ने उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैनिंग, डेटा सुरक्षा और मूल्यांकन प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाया है। संसदीय समिति ने भी इस मामले में संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है। वहीं कुछ छात्रों और शिक्षा विशेषज्ञों ने भी समिति के सामने अपनी चिंताएं रखी हैं।

### टेंडर प्रक्रिया भी जांच के घेरे में

विवाद केवल तकनीकी खामियों तक सीमित नहीं है। उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैनिंग और डिजिटल मूल्यांकन का काम हैदराबाद की कंपनी Coempt Edu Teck को सौंपा गया था। अब इस पूरी टेंडर प्रक्रिया पर भी सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, शुरुआती टेंडर दस्तावेजों में वेंडर के लिए सख्त दंडात्मक प्रावधान थे, लेकिन अंतिम अनुबंध में कई शर्तों को नरम कर दिया गया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय सम्मान

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत आयोजित 'मंथ ऑफ सोलर' अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाना राज्य के लिए अत्यंत गौरव और प्रसन्नता का विषय है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि राज्य में स्वच्छ ऊर्जा, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में किए जा रहे सतत प्रयासों का प्रमाण है।



**'मंथ ऑफ सोलर' अभियान में बेहतर प्रदर्शन के लिए मिलेगा पीएम सूर्यघर एक्सीलेंस अवार्ड**

**मध्यम उपभोक्ता आधार वाले राज्यों की श्रेणी में सर्वाधिक वेंडर रजिस्ट्रेशन में देश में दूसरा स्थान**

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि, मध्यम उपभोक्ता आधार वाले राज्यों की श्रेणी में सर्वाधिक वेंडर रजिस्ट्रेशन के मामले में छत्तीसगढ़ ने देश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। जिसके लिए राज्य का चयन पीएम सूर्यघर एक्सीलेंस अवार्ड हेतु किया गया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि ऊर्जा क्षेत्र में राज्य की सक्रियता, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनसहभागिता का सकारात्मक परिणाम है। श्री साय ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए ऊर्जा विभाग, क्रेडा, विद्युत वितरण कंपनियों, सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा सहयोगी संस्थाओं को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि, टीमवर्क, प्रतिबद्धता और बेहतर समन्वय के कारण छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार ऊर्जा आत्मनिर्भर, पर्यावरण अनुकूल और हरित छत्तीसगढ़ के निर्माण के संकल्प को पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि, सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने वाले ऐसे प्रयास प्रदेश के नागरिकों को आर्थिक राहत देने के साथ-साथ स्वच्छ एवं सतत विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## नेपाल के पीएम बालेन शाह को भारत का जवाब, विदेश मंत्रालय ने कहा- तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं होगी

नई दिल्ली। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने दावा किया था कि भारत ने ही नेपाली इलाकों पर नहीं, बल्कि नेपाल ने भी भारतीय इलाकों पर कब्जा कर रखा है. बालेन शाह ने कहा था कि दोनों देशों के बीच विवाद सुलझाने के लिए चीन और यूके को मध्यस्थता करनी चाहिए.



इस पर भारत ने मंगलवार को कड़ा जवाब दिया और कहा कि दोनों देशों के बीच के मामलों में तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने भारत-नेपाल सीमा को लेकर नेपाल के प्रधानमंत्री की टिप्पणियों और इस मामले पर नेपाली विदेश मंत्रालय के बयान का संज्ञान लिया है. भारत की यह प्रतिक्रिया तब आई है, जब हाल ही में नेपाली संसद में दावा करते हुए कहा था, प्रधानमंत्री बनने के बाद मुझे पता चला कि सिर्फ भारत ने ही नेपाल की जमीन पर कब्जा नहीं किया है, बल्कि नेपाल ने भी कई जगहों पर भारत की जमीन पर अतिक्रमण किया है. उन्होंने कहा था कि दोनों पक्षों को बातचीत के जरिए इस मसले को सुलझाना चाहिए.

### बालेन शाह ने क्या कहा था?

बालेन शाह ने रविवार को संसद में कहा था कि केवल भारत ने ही नेपाल की नहीं, बल्कि नेपाल ने भी भारतीय जमीन पर कब्जा कर रखा है. संसद में जब लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी के जरिए भारत और चीन के बीच कारोबार से जुड़े मुद्दे को लेकल सवाल किया तो बालेन शाह ने कहा कि इन विवादों का समाधान भी कूटनीतिक बातचीत से किया जाएगा.

## भारतीय वायुसेना हुई और भी ज्यादा घातक, डीआरडीओ के साथ मिलकर किया रुद्रम-2 मिसाइल का सफल परीक्षण

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन यानी डीआरडीओ और भारतीय वायु सेना मंगलवार को एयरबोर्न प्लेटफॉर्म से रुद्रम-2 मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया है। रुद्रम-2 मिसाइल हवा-से-सतह में मार करने वाली मिसाइल है। डीआरडीओ ने जानकारी दी है कि मिसाइल का परीक्षण अत्यंत कठिन परिस्थितियों में किया गया है, जिनमें सभी सब-सिस्टम की क्षमता को सुनिश्चित करने के लिए क्रिटिकल ट्रेजेक्ट्री का निर्धारण किया गया था।



सामने आई जानकारी के अनुसार, मिसाइल को लॉन्च किए जाने के बाद पूर्व निर्धारित लक्ष्य तक सटीक रूप से पहुंचाया गया। चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज द्वारा स्थापित विभिन्न रेंज उपकरणों से प्राप्त उड़ान डेटा से साफ हो गया है कि इस टेस्ट के सभी उद्देश्य पूरे हुए हैं।

### मिसाइल बनाने में इनका योगदान

रुद्रम-2 मिसाइल को डीआरडीओ की नोडल लेबोरेटरी, रिसर्च सेंटर इमारत, हैदराबाद द्वारा स्वदेशी रूप से डेवलप किया गया है। इस मिसाइल के डेवलपमेंट में डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेटरी, हाई एनर्जी मटेरियल रिसर्च लेबोरेटरी, आर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टैबिलिशमेंट और ITR जैसी अन्य सहयोगी लेबोरेटरी का भी सहयोग रहा है। इसके अलावा विकास सह उत्पादन साझेदारों के साथ-साथ, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, रिजनल सेंटर फोर मिलिट्री एयरवर्दीनेस, मिसाइल सिस्टम क्वालिटी एश्योरेंस एजेंसी और कई अन्य उद्योगों ने भी इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। रुद्रम-2 स्वदेशी रूप से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## महाघोटाला: पुरुषों को मिल रहा विधवा भत्ता और लक्ष्मी भंडार, आमफन राहत में भी करोड़ों का गबन

कोलकाता। बंगाल में सत्ता बदलने के बाद सरकारी योजनाओं में हुए चौंकाने वाले घोटालों की परतें खुलनी शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के निर्देश पर चल रही जांच में लक्ष्मी भंडार, आमफन राहत कोष, 100 दिन रोजगार योजना (मनरेगा) और विधवा भत्ता जैसी कल्याणकारी योजनाओं में व्यापक भ्रष्टाचार और जालसाजी का खुलासा हुआ है।



### लक्ष्मी भंडार में 173 पुरुष उपभोक्ता

नदिया जिले के कृष्णनगर-दो ब्लाक में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां महिलाओं के लिए चलाई जा रही लक्ष्मी भंडार योजना का लाभ 173 पुरुष उठा रहे थे। विधानसभा चुनाव से महज दो महीने पहले, फरवरी से इन पुरुषों के खातों में अवैध रूप से पैसे भेजे जा रहे थे। इस जालसाजी के आरोप में बीडीओ कार्यालय के एक कर्मचारी भोला शील को कारण बताओ (शो-काज) नोटिस जारी किया गया है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया है कि राज्य भर में करीब 30 लाख फर्जी लाभार्थियों ने इस योजना के तहत जनता के हजारों करोड़ रुपये लूटे हैं, जिसकी जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआइटी) का गठन किया गया है।

### आमफन राहत में 10 हजार फर्जी मछुआरे

भ्रष्टाचार का दूसरा बड़ा मामला दक्षिण 24 परगना के फलता में सामने आया है। साल 2020 में चक्रवात आमफन का लैंडफाल सागर द्वीप में हुआ था, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सूरत के पास महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में भिड़ंत, सात लोगों की मौत; कई घायल

सूरत। गुजरात के सूरत जिले में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बारडोली शहर के पास महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की दो बसें आपस में टकरा गईं। इस हादसे में सात लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल हो गए।



यह दुर्घटना बारडोली तालुका के उवा गांव के पास नेशनल हाईवे 53 पर हुई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक बस सड़क पर ही पलट गई और उसमें भीषण आग लग गई। आग लगने की वजह से कई यात्री बस के अंदर ही फंस गए। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और तुरंत राहत कार्य शुरू किया गया।

बारडोली ग्रामीण पुलिस इंस्पेक्टर पीएन जडेजा ने बताया कि दोनों बसें महाराष्ट्र राज्य परिवहन निगम की थीं। अभी यह पूरी तरह साफ नहीं हो पाया है कि टक्कर आमने-सामने की थी या दोनों बसें एक ही दिशा में जा रही थीं। हादसे के तुरंत बाद बस में आग लग गई, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। इस हादसे में सात लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि 10 से अधिक घायलों को इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को आशंका है कि जलती हुई बस के अंदर अभी भी कुछ यात्री फंसे हो सकते हैं। दमकल विभाग की टीमें आग बुझाने और लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की कोशिश कर रही हैं।

हादसे की खबर मिलते ही सूरत और पड़ोसी तापी जिले की पुलिस टीमें मौके पर पहुंच गईं। स्थानीय लोगों ने भी घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। पुलिस अब इस बात की बारीकी से जांच कर रही है कि यह हादसा आखिर किन कारणों से हुआ।

## छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 जल्द होगी शुरू: सभी विभागों के नोडल अधिकारियों दी गई ट्रेनिंग

रायपुरा सुशासन एवं अभिसरण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आज मंत्रालय (महानदी भवन) नवा रायपुर में सीएम हेल्पलाइन 1076 के विभागीय नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों के लिए एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में शासन के सभी विभागों के अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सुशासन एवं अभिसरण विभाग के सचिव राहुल भगत ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन आम नागरिकों तक सुशासन पहुँचाने का सबसे सशक्त और सुलभ माध्यम है।



**कॉल-ऐप-व्हाट्सएप से भी दर्ज होंगी शिकायतें**

उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि आम जनता की शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

अधिकारियों को आधुनिक शिकायत प्रबंधन प्रणाली (Grievance Redressal System) के व्यावहारिक उपयोग की जानकारी दी गई। शिकायतों का समय पर निराकरण न होने की स्थिति में उन्हें प्रक्रिया, एल-1 से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में दो जगह फटा बादल, अचानक आई बाढ़ से 34 सड़कें प्रभावित

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में दो जगहों पर बादल फटने की घटनाएं सामने आई हैं। पहली घटना सारथन के गाहन इलाके में हुई। वहीं, दूसरी घटना माछीपाल में हुई है। मौके से मिली जानकारी के अनुसार, दोनों ही स्थानों पर किसी के हताहत होने, घायल होने या संपत्ति को नुकसान पहुंचने की कोई खबर नहीं है। किश्तवाड़ के अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) पवन कोटवाल (जेकेएएस) ने पुष्टि की है कि अभी तक किसी के जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।



### राहत कार्य में जुटीं मशीनें

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने घटना को लेकर एक्स प्लेटफार्म पर लिखा कि जिला रेड क्रॉस, पुलिस और राजस्व विभाग की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति का जायजा लेने के लिए भेजी गई हैं। सड़क अवरोधों की सूचना मिली है और प्रभावित सड़कों को जल्द से जल्द साफ करने और खोलने के लिए कर्मचारियों और मशीनों को काम पर लगाया गया है। जिला प्रशासन ने निगरानी और राहत उपायों को तेज कर दिया है। राजस्व, आपदा प्रबंधन, पुलिस और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी सतर्क हैं और प्रभावित तथा आसपास के क्षेत्रों की निरंतर निगरानी कर रहे हैं।

### 34 सड़कें प्रभावित

वहीं, किश्तवाड़ के डीसी पंकज कुमार शर्मा ने बताया कि द्राबशाला और गुज्जुवा के बीच स्थित पहाड़ी पर बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई, जिससे द्राबशाला जीरो प्वाइंट, सुरु-सार्थल, गान और मच्छीपाल समेत 34 सड़कें प्रभावित हुईं। हालांकि, किसी भी प्रकार के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। बहाली का काम शुरू हो चुका है और द्राबशाला जाने वाला मुख्य राजमार्ग साफ कर दिया गया है। डोडा स्थित एनएचआईडीसीएल के महाप्रबंधक के साथ समन्वय जारी है ताकि द्राबशाला से आगे (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पश्चिम बंगाल में महाराष्ट्र जैसा बड़ा सियासी भूचाल, दीदी के खिलाफ 'शिंदे' बनने की राह पर बागी गुट

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजनीति में इस वक्त अभूतपूर्व भूचाल आया है। विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के हाथों करारी शिकस्त झेलने के बाद ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ताश के पत्तों की तरह पूरी तरह बिखरती हुई नजर आ रही है। सियासी गलियारों में यह अटकलें बेहद तेज हो गई हैं कि पार्टी के भीतर महाराष्ट्र का शिवसेना मॉडल पूरी तरह सक्रिय हो चुका है।



दावा किया जा रहा है कि पार्टी के करीब 50 से अधिक विधायकों ने एकजुट होकर ममता बनर्जी और शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ बगावत का झंडा बुलंद कर दिया है। इस अप्रत्याशित राजनीतिक घटनाक्रम ने न केवल कोलकाता बल्कि देश के पूरे सियासी गलियारे में भारी हड़कंप मचा दिया है।

**ममता बनर्जी की आपात बैठक से गायब रहे 60 से ज्यादा विधायक**

तृणमूल कांग्रेस के भीतर चल रही यह भयंकर आंतरिक कलह और फूट उस समय पूरी तरह जगजाहिर हो गई, जब रविवार को पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी के कोलकाता स्थित आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई थी।

सूत्रों के मुताबिक, विधानसभा में टीएमसी के कुल 80 विधायकों में से महज 20 विधायक ही दीदी के आवास पर पहुंचे, जबकि 60 से अधिक विधायकों ने इस बैठक से पूरी तरह दूरी बना ली। नाराज और बागी विधायकों को अपने पाले में वापस लाने और सदन के भीतर पार्टी को किसी भी तरह एकजुट रखने के लिए शीर्ष स्तर पर लगातार गुप्त बैठकें चल रही हैं, लेकिन असंतोष का यह लावा अब पूरी तरह आउट ऑफ कंट्रोल हो चुका है।

**भतीजे अभिषेक बनर्जी के कामकाज को लेकर फूटा विधायकों का गुस्सा, दो हिस्सों में बंटी टीएमसी**

टीएमसी विधायकों का यह गुस्सा पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी के खिलाफ नहीं, बल्कि उनके भतीजे और पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी की कार्यशैली को लेकर फूटा है। हालिया चुनावों में मिली ऐतिहासिक और शर्मनाक हार के बाद से ही विधायकों के भीतर अभिषेक बनर्जी को लेकर भारी असंतोष, रोष और आक्रोश पनप रहा था, जो अब एक खुली बगावत के रूप में सामने आ गया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति को लेकर आया नया मोड़ इस पूरी लड़ाई का मुख्य केंद्र बिंदु बन गया है, जिसने टीएमसी को दो धड़ों में विभाजित कर दिया है।(शेष पृष्ठ 6 पर...)

## रायपुर डीजीजीआई का बड़ा ऑपरेशन! 12.5 करोड़ फर्जी आईटीसी घोटाले में कबाड़ कारोबारी यूपी से गिरफ्तार

रायपुर। छत्तीसगढ़ में फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) घोटाले की जांच के दौरान डायरेक्टरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस (DGGI) रायपुर को बड़ी सफलता मिली है। एजेंसी ने 12.5 करोड़ रुपए के फर्जी आईटीसी घोटाले में उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर से एक कबाड़ कारोबारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कुलदीप उर्फ अभिषेक पाठक के रूप में हुई है। उस पर फर्जी कंपनियों के जरिए करोड़ों रुपए का टैक्स क्रेडिट हासिल कर उसे दूसरे लोगों तक पहुंचाने का आरोप है। बताया जा रहा है कि यह मामला केवल एक कारोबारी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे कई राज्यों में फैला बड़ा नेटवर्क होने की आशंका जताई जा रही है। जांच एजेंसियां अब पूरे नेटवर्क की परतें खोलने में जुट गई हैं।



### नोटिस के बावजूद जांच में शामिल नहीं हुआ आरोपी

डीजीजीआई अधिकारियों के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में चल रही फर्जी आईटीसी घोटाले की जांच के दौरान अभिषेक पाठक का नाम सामने आया था।

जांच एजेंसी ने उसे पूछताछ के लिए कई बार नोटिस जारी किए, लेकिन वह लगातार जांच से बचता रहा। इसके बाद डीजीजीआई रायपुर की टीम उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर पहुंची। वहां पूछताछ के बाद पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### कागजों में कारोबार, करोड़ों का टैक्स क्रेडिट

जांच में सामने आया है कि अभिषेक पाठक ने रायपुर निवासी अमन सिंह के साथ मिलकर स्क्रैप कारोबार से जुड़ी कई फर्मों का संचालन किया। आरोप है कि इन कंपनियों के जरिए केवल कागजों में कारोबार दिखाया गया और उसी आधार पर करोड़ों रुपए का फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट हासिल किया गया। अधिकारियों का कहना है कि इन फर्मों के जरिए वास्तविक व्यापार बहुत कम या बिल्कुल नहीं हुआ, लेकिन GST रिकॉर्ड में बड़े लेन-देन दर्शाकर टैक्स लाभ लिया गया।

### बेटियों के नाम पर बनाई गईं फर्जी कंपनियां

जांच एजेंसी को यह भी पता चला है कि आरोपी ने अपनी बेटियों के नाम पर भी कई फर्में बनाई थीं। इनमें समृद्धि ट्रेडिंग और ख्याति इंटरप्राइजेज जैसे नाम सामने आए हैं। प्रारंभिक जांच में इन कंपनियों के जरिए भी टैक्स संबंधी गड़बड़ियों और फर्जी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

# कल पेंड्री में मनेगा भव्य सदगुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव

### अंतरराष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ के तत्वावधान में जुटेगे देश-प्रदेश के प्रतिष्ठित संत

**राजनांदगांव (दावा)।** जिला के संस्कारधानी से लगे हुए एतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंड्री में अंतरराष्ट्रीय सदगुरु कबीर पंथ महासंघ नई दिल्ली शाखा छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 4 जून को ऐतिहाहिक सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंड्री में समय शाम 4 बजे से सदगुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव मनाया जाएगा। इस शुभ अवसर पर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चुडामणि साहेब के मुख्य आतिथ्य गरिमामय उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम प्रातः गुरु महिमा पाठ, ध्वज पूजन कर प्रारंभ किया जाएगा। साथ में सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंड्री के गादिपति मंहत सेवादास साहेब, संत टुकेशवर साहेब कबीर धर्म स्थान खरसिया और दीवान अमर दास भजन गायक संतोष साहेब के साथ ही साथ क्षेत्र के विशिष्ट संत महापुरुषों की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। सत्संग कार्यक्रम शाम 4 बजे से प्रारंभ होगी। यह जानकारी छत्तीसगढ़ प्रदेश के अंतरराष्ट्रीय सदगुरु कबीर पंथ महासंघ के प्रदेश सचिव योगदास साहू ने दी है।

# नगर निगम के 8 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त, सभागृह में दी गई भावभिनी विदाई

### विद्युत विभाग के 1 लाइनमैन और स्वास्थ्य विभाग के 7 सफाईकर्मियों की सेवा को आयुक्त ने सराहा

### सम्मान में पहनाई गई माला, शाल-श्रीफल के साथ सौंपा गया अवकाश नगदीकरण का चेक



**राजनांदगांव (दावा)।** नगर निगम में कार्यरत 8 कर्मचारी अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। जिन्हें आज निगम सभागृह में आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में भावभिनी बिदाई दी गई। सेवानिवृत्त कर्मचारी विद्युत विभाग में लाईनमेन के पद पर कार्यरत अरूण कुमार साहू एवं स्वास्थ्य विभाग मे सफाई कामगार के पद पर कार्यरत क्रमशः श्रीमती अल्का/राम्हू, श्रीमती कमला/ताराचंद, श्रीमती प्रेमा बाई/विजय तुर्केल, श्रीमती अमिता/रमेश सोनेकर, राजू/रमेशर, मंगलूराम/धरमूराम एवं राजूलाल/अभयलाल रंगडे को आयुक्त सहित कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे एवं कार्यपालन अभियंता (संविदा) यू.के.रामटेके ने माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया तथा अवकाश नगदी करण का चेक दिया।

बिदाई समारोह में आयुक्त ने कहा कि हमारे निगम परिवार के 8 कर्मचारी जो सेवानिवृत्त हुए उन्हें बिदाई दी जा रही है। हमारे 7 कर्मचारी सफाई जैसे महत्वपूर्ण विभाग में सुबह से अपने काम मे लग निष्ठापूर्वक सेवा किए। उसी प्रकार विद्युत विभाग में लाईनमेन का काम भी बहुत महत्वपूर्ण है। जिसका अरूण साहू ने लगन एवं ईमानदारी से निर्वाहन किया। उन्होंने कहा कि एक साथ इतने सारे कर्मचारी सेवानिवृत्त होने से काम प्रभावित होगा, लेकिन सभी को इनके जैसे अपने कार्यो का निर्वाहन करना है। नगरीय निकाय एक ऐसा विभाग है। जहां सभी प्रकार के काम जैसे बिजली, पानी, सफाई, राजस्व, निर्माण कार्य आदि एक ही कार्यालय में संचालित होता है। सभी कार्य आप जैसे कर्मचरियो के कारण ही अच्छे से हो पाता है। उन्होंने कहा कि जिस समर्पित भाव से आप लोगों ने निगम में काम किए। उसी समर्पित भाव से अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वाहन करे, ऐसी मे उम्मीद करता हूॅ। कार्यपालन अभियंता श्री खाण्डे एवं श्री रामटेके ने भी इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर शासन नियमो के तहत हमारे साथी कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए है। इन्होंने अपनी सेवाकाल में अच्छा काम किया। इसके लिए हम इनका आभार व्यक्त करते है। बिदाई समारोह का संचालन प्र.कार्यालय अधीक्षक नारायण यादव ने किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन एंव अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# नगर निगम आयुक्त ने नागरिकों से पानी को उबालकर पीने की अपील की

**राजनांदगांव (दावा)।** जिले में पीलिया बीमारी से ग्रसित 5 मरीज है, जिनका उपचार जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में किया जा रहा है। जिसमें से एक मरीज स्वस्थ होकर हास्पिटल से डिस्चार्ज हो गए है। एक का घर पर इलाज चल रहा है तथा 3 मरीज का इलाज अभी जिला चिकित्सालय में जारी है। जिले में पीलिया के कुछ मरीज पाए गए है। बीमारी के स्थानीय कारणों के संबंध में जांच की जा रही है। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए पानी को उबालकर पीएं तथा क्लोरीन टेबलेट युक्त पेयजल का ही उपयोग करें।

# कल जिले के 22 केंद्रों में होगी डी.एड. प्रवेश परीक्षा, सुबह 9:30 बजे बंद हो जाएंगे मुख्य द्वार

**6712 परीक्षार्थी होंगे शामिल प्रशासन ने जारी किए कड़े नियम - आधी बांह के कपड़े और केवल बॉल पेन की ही होगी अनुमति**



**राजनांदगांव (दावा)।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा 4 जून को डी.एड. प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिले में परीक्षा के लिए कुल 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें 6712 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक किया जाएगा। जिला प्रशासन एवं परीक्षा संचालन समिति द्वारा परीक्षा के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। व्यापम के निर्देशानुसार परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार सुबह 9.30 बजे बंद कर दिए जाएंगे। इसके पश्चात किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए प्रवेश पत्र एवं फोटोयुक्त वैध पहचान पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैग, कैलकुलेटर, इयरफोन, धात्विक वस्तुएं तथा किसी भी प्रकार की नकल सामग्री लाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षार्थियों को केवल नीले अथवा काले बॉल पेन की अनुमति होगी। साथ ही परीक्षार्थियों को आधी बांह वाले सादे एवं हल्के रंग के वस्त्र पहनकर परीक्षा केंद्र में उपस्थित होना होगा।

परीक्षा केंद्रों में प्रवेश प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। महिला परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग केवल महिला पुलिस कर्मियों द्वारा तथा पुरूष परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग पुरूष पुलिस कर्मियों द्वारा की जाएगी। परीक्षार्थियों के प्रवेश, सत्यापन एवं फ्रिस्किंग की प्रक्रिया परीक्षा प्रारंभ होने के लगभग दो घंटे पूर्व से शुरू कर दी जाएगी, ताकि सभी अभ्यर्थियों का समय पर प्रवेश सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा की सतत निगरानी के लिए उडऩदस्ता दल, नोडल अधिकारी, पुलिस नोडल अधिकारी एवं पर्यवेक्षक दल की नियुक्ति की गई है। जो पूरे परीक्षा संचालन तक सतत निरीक्षण करेंगे। जिला प्रशासन ने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचे। आवश्यक दस्तावेज अपने साथ रखें तथा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षा के सुचारू, सुरक्षित एवं अनुशासित संचालन में सहयोग प्रदान करें। इससे व्यापम द्वारा आयोजित डी.एड. प्रवेश परीक्षा का सफल एवं निष्पक्ष आयोजन सुनिश्चित किया जा सकेगा।

# समस्याओं को लेकर अभाविप का हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में उग्र प्रदर्शन

### मांगे पूरी न होने पर व्यापक आंदोलन की चेतावनी

**राजनांदगांव (दावा)।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय (दुर्ग यूनिवर्सिटी) में लंबे समय से व्याप्त शैक्षणिक और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को परिषद के राजनांदगांव और दुर्ग इकाई के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय परिसर पहुंचकर उग्र प्रदर्शन किया और कुलपति के नाम एक मांग पत्र (ज्ञापन) सौंपा। अभाविप ने दो टूक शब्दों में कहा कि विश्वविद्यालय की लचर कार्यप्रणाली का सीधा खामियाजा छात्रों को अपने भविष्य से भुगतना पड़ रहा है।

सौंपे गए ज्ञापन में विद्यार्थी परिषद ने विश्वविद्यालय प्रशासन के सामने कई गंभीर मुद्दे उठाए। परिषद ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय द्वारा तय शैक्षणिक कैलेंडर का पालन नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा मुख्य परीक्षाओं के परिणामों (रिजल्ट) की घोषणा में अत्यधिक विलंब होना। पुनर्मूल्यांकन (री-वैल्यूएशन) प्रक्रिया की गति बेहद धीमी होना। गणित व अन्य कठिन विषयों के परीक्षा परिणाम बेहद खराब आना और बार-बार रिजल्ट 'विथहेल्ड' (रोकना) होना।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अभाविप के राजनांदगांव जिला संयोजक धनंजय पांडे ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन आंखें मूंदकर बैठा है। समय पर रिजल्ट न आने और री-वैल्यूएशन में देरी के कारण छात्र असमंजस में हैं। यदि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो परिषद पूरे संभाग में उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that (Sanjay Kumar Agarwal) s/o Ratan lal Agarwal Resident of PO: Rajnandgaon, Dist Rajnandgaon pin 491441 (C.G.). I have changed my old name Sanjay Kumar Agarwal S/O Ratan lal Agarwal to my new name that is Sanjay Agrawal S/O Ratan lal Agrawal. So in future I should be recognized by my new name in all government and other documents.

Sanjay Agrawal
House no. 02, ward number 26, Gurukripa tower, Ramadhin marg, Rajnandgaon
PO : Rajnandgaon
Dist :- Rajnandgaon- 491441

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुकदेव (Sukdev), पिता जेठू साहू निवासी ग्राम व पोस्ट बिजेलता, तहसील घुमका, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम सुकदेव (Sukdev) को त्याग कर नया नाम सुकदेव साहू (Sukdev Sahu), पिता जेठू साहू रख लिया हूँ।

अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम सुकदेव साहू (Sukdev Sahu), पिता जेठू साहू से ही जाना व पहचाना जावे।

सुकदेव साहू
(Sukdev Sahu)
ग्राम व पोस्ट बिजेलता, तहसील घुमका,
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**जल ही जीवन है...**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं धनसिंह लाल (Dhansingh Lal), पिता सुकदेव साहू निवासी ग्राम–ठेलकाडीह, पो. महरूमकला तह. व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम धनसिंह लाल (Dhansingh Lal), को त्याग कर नया नाम धनसिंह लाल साहू (Dhansingh Lal Sahu), पिता सुकदेव साहू रख लिया हूँ।

अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम धनसिंह लाल साहू (Dhansingh Lal Sahu), पिता सुकदेव साहू से ही जाना व पहचाना जावे।

धनसिंह लाल साहू
(Dhansingh Lal Sahu)
ग्राम–ठेलकाडीह, पो. महरूमकला
तह. व जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

# सोमनी में 10 जून को जिला स्तरीय रोजगार मेला

### विभिन्न नियोजक व कंपनियों द्वारा लगभग 954 पदों पर की जाएगी भर्ती

**राजनांदगांव (दावा)।** जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 10 जून को सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय सोमनी राजनांदगांव परिसर में किया जाएगा। रोजगार मेला में शामिल होने वाले इच्छुक आवेदकों को ई-रोजगार पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करना अनिवार्य है। इसके साथ ही आवेदकों को रोजगार मेला में निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल पर अपने शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित होना होगा।

उप संचालक रोजगार ने बताया कि जिला स्तरीय रोजगार मेला में विभिन्न नियोजक व कंपनियों द्वारा लगभग 954 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके अंतर्गत अशरव फाउण्डेशन व अशरव सिक्यूरिटी एण्ड एच आर सर्विस प्राईवेट लिमिटेड द्वारा एचआर एक्सीक्यूटिव के 5 पद, नर्सिंग असिस्टेंट के 100 पद, बेबी सीटर के 10 पद (केवल महिला), हाऊस कीपिंग स्टॉफ के 200 पद, एकाउंट एक्सीक्यूटिव के 5 पद, सिक्यूरिटी गार्ड के 150 पद (केवल पुरूष) एवं सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 25 पद (केवल पुरूष), पीएसआर लाईफ सॉलूशन द्वारा इन्श्योरेंन्स एडवाईजर के 50 पद, एनवीके आईटी सॉलूशन एण्ड सिक्यूरिटी प्राईवेट लिमिटेड द्वारा मशीन ऑपरेशन के 50 पद एवं हेल्पर के 200 पद, वेदांता स्किल स्कूल लर्ननेट स्किल लिमिटेड द्वारा होटल मैनेजमेंट के 30 पद, सोलर सिस्टम इंस्टॉलर के 25 पद एवं फिटर के 20 पद, पुस्कल एग्रोटेक लिमिटेड द्वारा एग्रीकल्चर ऑफिसर के 4 पद (केवल पुरूष), सेल्स ऑफिसर के 20 पद (केवल पुरूष) एवं सेल्स रिप्रेसेंटेटिव के 20 पद (केवल पुरूष), मोना इंटरप्राइजेस द्वारा मार्केटिंग एक्सीक्यूटिव के 10 पद (केवल पुरूष), ग्लोबल एचआर सॉलूशन एण्ड जॉब कन्सलटेंसी द्वारा असिस्टेंट मैनेजर ट्रेनी के 15 पद एवं डिप्टी एडवाईजर के 15 पद पर भर्ती की जाएगी।

# नाबालिग से प्रताड़ना का मामला : पूर्व महापौर हेमा देशमुख ने पीड़िता से की मुलाकात

**भ्रष्टाचार और गलत प्रेगनेंसी रिपोर्ट को लेकर सरकार व प्रशासन पर साधा निशाना, न्याय न मिलने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी**



**राजनांदगांव (दावा)।** सोमनी थाना क्षेत्र में एक 14 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ कथित तौर पर हुई पुलिसिया प्रताड़ना का मामला अब गरमाता जा रहा है। मामले की जानकारी मिलने पर नगर निगम की पूर्व महापौर हेमा देशमुख ने पीड़ित बालिका और उसके परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढाढ़स बंधाया। इस दौरान उन्होंने बच्ची का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि पढ़ाई इतनी करो कि एक अच्छी पुलिस ऑफिसर बनकर समाज को संदेश दे सको कि तुम कभी किसी पर अन्याय नहीं होने दोगी।

### रातभर थाने में रखा, बच्ची सदमे में

पूर्व महापौर हेमा देशमुख ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि सोमनी थाने के इस घटनाक्रम ने पुलिस का एक अमानवीय चेहरा सामने लाया है। एक 14 साल की नाबालिग बच्ची को नियम विरुद्ध रात में थाने में रखा गया। उसे डराया-धमकाया और इस कदर प्रताड़ित किया गया कि बच्ची गहरे सदमे में चली गई है। डर के कारण उसने दो दिनों से सुध-बुध खोकर खाना तक नहीं खाया है और पूरा परिवार इस वक्त खौफ के साए में जीने को मजबूर है।

### गलत मेडिकल रिपोर्ट और भ्रष्टाचार के आरोप

हेमा देशमुख ने प्रशासन और सत्ताधारी दल को आड़े हाथों लेते हुए एक बेहद गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नाबालिग बच्ची को जबरन गर्भवती (प्रेग्नेंट) बताने के लिए गलत टेस्ट कर उसे पॉजिटिव दिखाया गया और उस पर यह स्वीकार करने का दबाव बनाया गया। चर्चा है कि जिस एजेंसी ने यह टेस्ट किट सप्लाई की थी, वह सत्ताधारी भाजपा नेता के भाई की है। स्वास्थ्य क्षेत्र में इस स्तर का भ्रष्टाचार और किसी के जीवन व सम्मान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

### नियमों के उल्लंघन पर रोष, उग्र आंदोलन की चेतावनी

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सुप्रीम कोर्ट और कानून के नियमों के मुताबिक किसी भी महिला या नाबालिग को रात के समय थाने में नहीं बैठाया जा सकता, लेकिन यहां नियमों की धज्जियां उड़ाई गईं। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पीड़ित नाबालिग बच्ची को जल्द न्याय नहीं मिला और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। पीड़ित परिवार को संबल देने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में पूर्व महापौर हेमा देशमुख के साथ मुख्य रूप से नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, जय नारायण सिंह, पूर्व पार्षद अमीन गुप्ता, प्रदेश महासचिव रुबीना अंजुम अल्वी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, सुलोचना मारकंडे, प्रतिमा बंजारे, खैरून निशा, जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, पूर्व जनपद सदस्य टिंकू साहू सहित अन्य स्थानीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, कबीरधाम (छ.ग.)**

**पंचम निविदा आमंत्रण सूचना**

ऑनलाईन निविदाएं ''प्रपत्र-ए'' में प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित कार्य के लिये DWSM, KABIRDHAM की ओर से कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव DWSM द्वारा एकीकृत पंजीयन व्यवस्था ई-रजिस्ट्रेशन निविदा आमंत्रित की जाती है

| निविदा सूचना कमांक / दिनांक | निविदा सिस्टम कमांक | योजना का नाम एवं विकासखण्ड | अनुमानित लागत (रूपए लाख में) |
|---|---|---|---|
| 03/Dt. 29-05-2026 | 191837 | जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला कबीरधाम में पेयजल योजनाओं का संचालन एवं संधारण विषय पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्य (72 बैच) (पंचम आंमत्रण) | 05.05 |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्राक्योरमेंट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक **29.05.2026** से देखी जा सकती हैं।

**निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 10.06.2026**

जी- 262701151/1

**कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, कबीरधाम (छ.ग.)**

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग कवर्धा (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक- / 2968 /NIT- 05/2026-27/ व ले लि
दिनांक: 29/05/2026

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- **11.06.2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक**
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- **18.06.2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक**
निविदा खोलने की तिथि :- **19.06.2026 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक**
निविदाकारों की श्रेणी :- **'द' श्रेणी से 'अ' तक**

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का विवरण No Of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.में) बैंक साल्वेंसी (रू. में) |
|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 |
| 5 T0017 | लोक निर्माण विभाग उप संभाग पंडरिया के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई का कार्य - प्रथम आमंत्रण (समय 6 माह) | 4.29 4290.00 64350.00 |
| 5 T0018 | रणवीरपुर से बिरेन्द्रनगर मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य लं. 3.20 कि.मी. के कि.मी. 2/8 में 1200 एम.एम.डाया ह्यूम पाईप कलर्वट कार्य - प्रथम आमंत्रण (समय 2 माह) | 3.55 3550.00 53250.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी- 262701125/1

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग संभाग, कवर्धा**

**शुभांक**

बी. के.
1-4-0
599-3 189-8
राजधानी
2-6-9
990-8 127-0
अनुमानित

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

न्यायालय नायब तहसीलदार घुमका
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

रा.मा.क्र. 202605094700064
बी-121 वर्ष 2023-24

एतद द्वारा समस्त मोहल्ला / ग्रामवासी ग्राम ईरईकला प.ह.नं. 9 रा.नि.मं. उपरवाह घुमका व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक भीष्म साहू आ. जीवन लाल साहू निवासी कुंआ चौक नंदई, तह. घुमका, जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम ईरईकला प.ह.नं. 9 रा.नि.मं. उपरवाह तहसील घुमका, जिला राजनांदगांव स्थित भूमि कुल खसरा नं. 05 कुल रकबा 1.785. हे. का डुप्लीकेट किसान किताब प्राप्त करने हेतु न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

वर्णित भूमि का डुप्लीकेट किसान किताब जारी किये जाने पर जिस किसी हितबद्ध व्यक्ति को कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो वे सुनवाई दिनांक 10/06/26 तक लिखित मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अत: उक्त ईश्तहार आज दिनांक को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 25.05.26
सुनवाई दिनांक - 10.06.26

**नायब तहसीलदार, घुमका**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक लोक न्यास राजनांदगांव (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

क्रमांक /963/अ.वि.अ./ प्र-1/2026
राजनांदगांव, दिनांक 26/05/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री महेश्वर लाल निषाद आ. श्री जीवराखन निषाद निवासी ग्राम एवं पोस्ट भर्रेगांव तहसील व जिला राजनांदगांव एवं अन्य 05 द्वारा 'राऊरगोंदी शिव धाम सेवा ट्रस्ट' प्रधान कार्यालय ग्राम व पोष्ट भर्रेगांव तहसील व जिला-राजनांदगांव के नाम से लोक न्यास संचालित करने हेतु छत्तीसगढ़ लोक न्यास अधिनियम 1951 के तहत निर्धारित प्रारूप तीन में पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपना दावा/आपत्ति इस ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी।

**(गौतम चंद पाटिल)**
अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक लोक न्यास
राजनांदगांव (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी,
जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)
राजस्व मामला क्रमांक 202605093700061
अ-6 वर्ष 2025-26

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तामेश्वर प्रसाद आ. स्व. नोहरदास बंजारे, निवासी-सतनामी पारा नंदई चौक राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव मोहल्ला नंदई स्थित शीट क्रमांक 50 सी, भूखण्ड क्रमांक 32/1, क्षेत्रफल 153.00 वर्गमीटर जो धारकगण तामेश्वर प्रसाद, जितेन्द्र कुमार, खिलेश्वर प्रसाद, गोपेन्द्र कुमार, उपेन्द्र कुमार, कौशिल्या बाई, निर्मलाबाई, अनिता बाई सभी आ. स्व. नोहरदास बंजारे, कीर्ति कुमार, मानसी आ. स्व. हिरेन्द्र कुमार बंजारे, अंजू ध.प. स्व. हिरेन्द्र कुमार बंजारे, निवासी-नंदई राजनांदगांव के नाम पर दर्ज है। उक्त आवेदित भूखण्ड के सहधारक खिलेश्वर प्रसाद आ. स्व. नोहरदास बंजारे एवं गोपेन्द्र कुमार आ. नोहर दास बंजारे की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर उनके स्थान पर वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने एवं शेष सहधारकगण का नाम यथावत् रखे जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अत: उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 15.06.2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **KIRTI CHAUHAN W/O HANSRAJ CHOUHAN** मैने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम **KIRTI CHOUHAN W/O HANSRAJ CHOUHAN** रख लिया है।

अतः आज से मुझे मेरे समस्त शासकीय एवं अर्धशासकीय व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे नये नाम **KIRTI CHOUHAN W/O HANSRAJ CHOUHAN** के नाम से ही जाना पहचाना जावें।

**पता- KIRTI CHOUHAN**
HOUSE NO.- LIG 485, BLOCK NO. 35, WARD NO. 45, HOUSING BOARD DEENDYAL COLONY, KOURIN BHATA RAJNANDGAON (C.G.) 491441

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **KANTA BEN CHAUHAN W/O MANNULAL CHOUHAN** मैने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम **KANTA BEN CHOUHAN W/O MANNULAL CHOUHAN** रख लिया है।

अतः आज से मुझे मेरे समस्त शासकीय एवं अर्धशासकीय व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे नये नाम **KANTA BEN CHOUHAN W/O MANNULAL CHOUHAN** के नाम से ही जाना पहचाना जावें।

**पता- KANTA BEN CHOUHAN**
BALODA BAZAR ROAD 164 WARD NO. 16, CHOUHAN ELECTRIC WORKS, KESLA, KHARORA DIS.- RAIPUR PIN NO.- 493225






# बारिश में जलभराव से निपटने के लिए नगर निगम मुस्तैद, बड़े नाले-नालियों की सफाई युद्ध स्तर पर जारी



○ महापौर मधुसूदन यादव और आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर जेसीबी व विशेष गैंग कर रहे काम
○ बीमारियों की रोकथाम के लिए तालाबों में डाला जा रहा चूना-ब्लीचिंग, सड़े-गले फल-सब्जियों का होगा विनिष्टीकरण

राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महापौर मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर बारिश के पूर्व शहर के सभी बड़े नाली नालो की सफाई कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत मार्च से नाला सफाई प्रारंभ किया गया है। चरणबद्ध शहर के प्रमुख नाली-नालो की सफाई कराई जा रही है। महापौर एवं आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य का अमला प्रतिदिन नाला सफाई मेनुवल एवं जेसीबी के माध्यम से कर रहे है। जिसकी सतत निरीक्षण भी महापौर, आयुक्त द्वारा किया जा रहा है। वही प्र.स्वाथ्य अधिकारी राजेश मिश्रा एवं स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव सभी नाला-नाली की सफाई का जायजा लेकर सफाई दरोगा को अपने-अपने क्षेत्र में चरणबद्ध सफाई कराने मार्गदर्शन दे रहे है।

नाला सफाई के संबंध में आयुक्त ने बताया कि बरसाती पानी का बहाव ठीक ढंग से होने एवं निचली बस्तियो में पानी भरान की स्थिति से निपटने प्रथम चरण में नंदई चैक, प्रभात नगर नाला, राजीव नगर सेंटर पुलिया से अस्पताल चैक, इंदिरा नगर नाला से लोहा बाड़ा तक, कन्हारपुरी शीतला मंदिर एवं कर्मा भवन के सामने नाला, बीके नगर कच्चा नाला, शांति नगर नाला, महामाया चैक से कल्याणिका देव स्थानक मंदिर तक नाला, भरकापारा, वेयर हाउस के पास, जीई रोड कलेक्टोरेट नाला, हल्दी, राजीव नगर आडिटोरियम के पीछे, गांधी चैक, बासपाई पारा, श्रीराम हास्पिटल के नालो की सफाई कराई गई। वर्तमान में मुरारजी पुलिया, पुराना बस स्टैण्ड के सामने, नंदई अमित चुना के पास के नाले की जेसीबी के माध्यम से सफाई कराई जा रही है। इसके अलावा द्वितीय चरण में नवागांव, नई गंज मण्डी, मोहारा रोड, लखोली मेन रोड, कन्हारपुरी, जीई रोड के अलावा शेष नालो की भी सफाई कराई जाएगी तथा नालों की सफाई निरंतर जारी रहेगी। महापौर व आयुक्त ने प्र.स्वास्थ्य अधिकारी से कहा कि जिन क्षेत्रों की नाला सफाई नहीं हुई है। वहा अविलंब सफाई प्रारंभ किया जाए। इसके अलावा अन्य नाले की सफाई जहां जेसीबी से कराना संभव नहीं है। वहा गैंग बनाकर सफाई कराया जाए। उन्होंने कहा कि जल शुद्धिकरण, सडे गले फल सब्जियों का विनिष्टिकरण, फागिंग स्प्रे आदि कार्य ग्रीष्म ऋतु में बेहतर रूप से संपादित किया जाये। उन्होंने ग्रीष्मकाल में होने वाले बीमारियों के रोकथाम व विभिन्न सफाई अभियान सम्पादित कराये जाने के साथ-साथ जल शुद्धिकरण अंतर्गत निगम सीमांतर्गत तालाबों में डल्ला चूना व ब्लीचिंग पाउडर डालकर जलशुद्धिकरण कराने निर्देशित किये। इसके अलावा वार्डो में प्रतिदिन साफ-सफाई कर कचरा उठाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनीं नागरिकों की समस्याएं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश



○ आम जनता के विश्वास पर खरा उतरे प्रशासन, आवेदनों का गंभीरता से करें परीक्षण : कलेक्टर
○ सीमांकन, नामांतरण, पीएम आवास और पेंशन सहित विभिन्न विभागों से जुड़े पहुंचे सैकड़ों मामले

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं मांगे सुनी।

जनदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जनदर्शन आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान का महत्वपूर्ण माध्यम है। जनसामान्य अपनी अपेक्षाओं और विश्वास के साथ प्रशासन के पास पहुंचते हैं, इसलिए प्रत्येक आवेदन का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर नियमानुसार शीघ्र निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाए तथा आवेदनों के निराकरण की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। जनदर्शन में सीमांकन, नामांतरण, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, भू-अर्जन से संबंधित प्रकरण, अवैध अतिक्रमण हटाने, नजूल भूमि संबंधी मामलों, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राजस्व अभिलेखों में सुधार संबंधी समस्याओं सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इसके अलावा नागरिकों ने विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने तथा व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याओं के समाधान के लिए भी आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित करें तथा आवेदकों को निर्धारित समय-सीमा में कार्रवाई की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए।

# जिला एथलेटिक संघ के प्रशिक्षण शिविर से पांच बच्चों का अग्नि वीर सैनिक में हुआ चयन



राजनांदगांव (दावा)। जिला एथलेटिक्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सौजन्य से एनआईएस कोच कामता प्रसाद यादव छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम सुंदरा के चपला मैदान में नियमित प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है। जिसमें लगभग 100 बच्चे प्रतिदिन एथलेटिक्स का अभ्यास करने आते हैं। जिसमें पैरामिलिट्री फोर्स एवं भारतीय थल सेना हेतु बच्चे प्रशिक्षण लेते हैं। उन प्रशिक्षार्थियों में से पांच बच्चों ने अग्नि वीर चयन परीक्षा में सफलता हासिल की है। बहुत ही कठिन प्रशिक्षण के पश्चात इन पांचो बच्चों का भारतीय थल सेना में अग्निवीर के रूप में चयन हुआ है। यह सभी बच्चे राजनांदगांव जिले के हैं। जिनका नाम राकेश कुंभकार बागनदी, गजेंद्र ठाकुरटोला, हरीश सौरभ सिंह सुंदरा और गोपाल सिंगोला आज ग्राम सुंदरा के चपला मैदान में जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक शुक्ला एवं सचिव रणविजय प्रताप सिंह तथा कोच कामता प्रसाद यादव के द्वारा चयनित बच्चों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया एवं प्रशिक्षार्थी बच्चों का मनोबल बढ़ाने हेतु टिप्स दिए गए। चयनित बच्चों को जिला एथलेटिक संघ के संरक्षक मधुसूदन यादव, नवाज खान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश ब्यौहारे, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अतुल चोपड़ा, देवेंद्र सिंह ठाकुर, प्रकाश साथिया, शैलेंद्र तिवारी, राजाराम देवांगन, प्रकाश मिश्रा, तरुण सिंह, विश्वेंद्र प्रताप सिंह, राजेंद्र यादव, छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, कबड्डी संघ के अशोक चौधरी, तीरथ गिरी गोस्वामी, हॉकी कोच एनआईएस अनुराग श्रीवास्तव, राजू वैष्णव, प्रमोद अब्राहम, झम्मन देवांगन, शीतल साहू, प्रवीण मेश्राम, ऋषिदेव चौधरी ने बधाई दी है।

# राधा-कृष्ण चरित्र कथा से गूंजेगा श्री नारायण धाम, उमड़ रहा श्रद्धालुओं का सैलाब

महासर वाली माता के मंगल पाठ एवं भजनों पर झूमे भक्त, पुरुषोत्तम मास महामहोत्सव में आज से बहेगी दिव्य लीलाओं की रसधारा

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारों की जननी संस्कारधानी राजनांदगांव में इन दिनों भक्ति, श्रद्धा और संस्कारों की त्रिवेणी बह रही है। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के तत्वावधान में कामठी लाइन स्थित श्री सत्यनारायण धर्मशाला (श्री नारायण धाम) में आयोजित 16 दिवसीय पुरुषोत्तम मास श्री नारायण महामहोत्सव में प्रतिदिन आनंदोत्सव और धर्मोत्सव की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु धर्म लाभ उठाने पहुंच रहे हैं।

### मंगल पाठ और भजनों की स्वर लहरियों पर झूमे श्रद्धालु

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के उत्सव प्रभारी श्याम खंडेलवाल, राजेश अग्रवाल (बालाजी) एवं विजय खंडेलवाल ने बताया कि महामहोत्सव के दूसरे दिन महासर वाली माता महिला मंडल द्वारा माता का मंगल पाठ पूरी श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न कराया गया। इस पावन अवसर पर सुप्रसिद्ध भजन गायक अभिजीत जोशी ने अपनी मधुर एवं ऊर्जावान भजनों की प्रस्तुतियां दी। जिससे पूरा वातावरण कन्हाई और मैया की भक्ति में सराबोर हो गया। भजनों की धुन पर श्रद्धालु देर तक झूमते और नाचते रहे। पूरा पंडाल जयकारों से गुंजायमान रहा।



### आज से शुरू होगी दिव्य राधा-कृष्ण चरित्र कथा

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि महामहोत्सव के तीसरे और चौथे दिन व्यासाचार्य पंडित अर्पित भाई शर्मा के मुखारविंद से राधा-कृष्ण चरित्र कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस दौरान राधा-कृष्ण की दिव्य और अलौकिक लीलाओं का संगीतमय वर्णन किया जाएगा। साथ ही मनोहारी सजीव झांकियां भी सजाई जाएंगी।

### पांचवे दिन इस्कॉन रायपुर बिखेरेगा भक्ति के रंग

सत्यनारायण मंदिर समिति के उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल एवं राजेश शर्मा ने बताया कि महोत्सव के पांचवें दिन इस्कॉन रायपुर की सुप्रसिद्ध टीम द्वारा प्रभु श्रीकृष्ण की प्रेम माधुरी से ओतप्रोत भव्य भक्ति संकीर्तन एवं भक्ति नृत्य की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। इस आयोजन को सफल बनाने में शहर के विभिन्न धार्मिक और सामाजिक मंडल सक्रियता से जुटे हैं।

### व्यवस्था और सेवा में समर्पित है मातृशक्ति

पुरुषोत्तम मास के इस पावन महायज्ञ में शहर की मातृशक्ति बढ़-चढ़कर अपना योगदान दे रही है। सेवा और व्यवस्था की कमान मुख्य रूप से शारदा तिवारी, भावना अग्रवाल, शोभा देवी अग्रवाल, दीपा शर्मा, सरला खंडेलवाल, ममता अवस्थी, सुधा अग्रहरि, मधु खंडेलवाल, शोभा चोपड़ा, दीपा ठक्कर, स्वाति अग्रवाल, आरती गुप्ता, मधु अग्रवाल, प्रज्ञा गुप्ता, कांति मौर्य, प्रतिमा श्रीवास्तव, रंजना शर्मा, लता अग्रवाल, विद्या पांडे, वंदना तिवारी, छाया तिवारी, सुमित्रा बेन, मौसमी शर्मा, ममता सोनी, मीना पांडे सहित अनेक महिला सदस्य संभाल रही हैं। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने संयुक्त रूप से बताया कि पुरुषोत्तम मास सेवा, साधना, संस्कार और समर्पण का महापर्व है। समिति ने समस्त सनातन धर्मावलंबियों और धर्मप्रेमी नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में श्री नारायण धाम पहुंचकर इस आध्यात्मिक महामहोत्सव का हिस्सा बनें और पुण्य लाभ अर्जित करें।

# शराब परिवहन करने वाला आदतन तस्कर बसंतपुर पुलिस के हत्थे चढ़ा, 85 पौवा शराब व बाइक जब्त




राजनांदगांव (दावा)। शहर के बसंतपुर थाना पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार और तस्करी के खिलाफ एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी करते हुए एक शातिर और आदतन शराब तस्कर को रंगे हाथों धर दबोचा है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में देशी शराब और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही मोटरसाइकिल जब्त की गई है। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 36,800 रुपए आंकी गई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

सिंगदई निवासी आरोपी प्रणय कुंजाम के खिलाफ बालोद और बसंतपुर में पहले से दर्ज हैं कई गंभीर मामले

### लोकल इनपुट पर सिंगदई के पास पुलिस ने बिछाया जाल

बसंतपुर थाना प्रभारी निरीक्षक श्री एमन साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक (एसपी) सुश्री अंकिता शर्मा के कड़े निर्देशन और मार्गदर्शन में जिले भर में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शराब बिक्री और असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ लगातार धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत सोमवार 1 जून को पुलिस को पुख्ता सूचना मिली कि एक युवक बाइक पर अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब लेकर बिक्री के लिए आ रहा है। सूचना पर त्वरित एक्शन लेते हुए बसंतपुर पुलिस की विशेष टीम ने तत्काल घेराबंदी की और संदिग्ध बाइक सवार को रोककर तलाशी ली।

### 85 पौवा देशी शराब जब्त, पहले भी जा चुका है जेल

पुलिस की तलाशी के दौरान बाइक सवार के पास से 85 पौवा देशी प्लेन शराब (कुल 15.300 बल्क लीटर) बरामद हुई, जिसे वह अवैध रूप से परिवहन कर खपाने की फिराक में था। पुलिस ने मौके पर ही शराब और तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (क्रमांक छ्त्त 08 7667) को जब्त कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान प्रणय कुंजाम (उम्र 26 वर्ष) पिता नील कुंजाम निवासी सिंगदई के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी प्रणय कुंजाम एक शातिर और आदतन अपराधी है। इसके खिलाफ पूर्व में भी पड़ोसी जिले बालोद के साथ-साथ बसंतपुर थाने में आबकारी और अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### गैर-जमानती धाराओं के तहत भेजा गया जेल

आरोपी के पास से शराब परिवहन या बिक्री से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज नहीं मिले। इसके बाद बसंतपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की गैर-जमानती धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से विद्वान न्यायाधीश ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

# ओवरटेक की बात पर युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला, 24 घंटे के भीतर दोनों आरोपी गिरफ्तार




○ बोरतलाव पुलिस की बड़ी सफलता : छिन्दीजोब निवासी नीरज व करन गिरफ्तार, वारदात में प्रयुक्त बाइक और चाकू जब्त

राजनांदगांव (दावा)। जिले के सीमावर्ती थाना क्षेत्र बोरतलाव में सोमवार की रात बाइक ओवरटेक करने की मामूली बात पर एक युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला करने वाले दो अज्ञात आरोपियों को पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की घेराबंदी कर उनके पास से वारदात में इस्तेमाल की गई मोटर साइकिल, खून से सना धारदार चाकू और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

### फॉरेस्ट बैरियर से किया पीछा, लाल कटिंग रोड पर रोका रास्ता

बोरतलाव थाना प्रभारी ने बताया कि प्रार्थी रामलाल चंद्रवंशी (निवासी वार्ड क्रमांक 3, टिकरापारा, डोंगरगढ़) ने सोमवार 1 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार उनका भतीजा ओमप्रकाश चंद्रवंशी अपने साथियों युवराज चंद्रवंशी, धनसाय नेताम, रामप्रसाद नेताम एवं मुरली मनोहर के साथ 31 मई को ग्राम दर्रेकसा (महाराष्ट्र) में एक छठी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। रात लगभग 9 बजे जब सभी तीन मोटर साइकिलों से वापस लौट रहे थे। तभी ग्राम बोरतलाव फॉरेस्ट बैरियर के पास बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने ओवरटेक की बात को लेकर ओमप्रकाश और रामप्रसाद की मोटरसाइकिल का पीछा करना शुरू कर दिया। अज्ञात आरोपी लगातार गाली-गलौज करते हुए उन्हें गाड़ी रोकने की धमकी दे रहे थे। जब युवकों ने डर के मारे गाड़ी नहीं रोकी, तो आरोपियों ने पीछा जारी रखा और थाना बोरतलाव से आगे लाल कटिंग रोड स्थित सब्जी फार्म हाउस के पास उनका रास्ता रोक लिया।

### पेट में चाकू घोंपकर किया अधमरा

रास्ता रोकने के बाद रात करीब 9:50 बजे दोनों अज्ञात आरोपियों ने विवाद करते हुए अचानक धारदार चाकू निकाला और ओमप्रकाश चंद्रवंशी के पेट के बाएं हिस्से पर जोरदार वार कर दिया। हमला इतना घातक था कि ओमप्रकाश मौके पर ही लहूलुहान होकर बेहोश हो गया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी रात के अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर अपराध क्रमांक 40/2026, धारा 296, 109(1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस टीम को तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि आरोपी ग्राम बागरेकसा के आसपास छिपे हैं। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर दबिश दी और दोनों आरोपियों को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों का विवरण इस प्रकार है। जिसमें नीरज कुमार परते (उम्र 21 वर्ष) पिता स्व. पन्नालाल परते निवासी ग्राम छिन्दीजोब थाना बोरतलाव, करन कुमार चंद्रवंशी पिता स्व. अशोक कुमार निवासी ग्राम छिन्दीजोब थाना बोरतलाव आदि है। कड़ी पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल एचएफ डीलक्स (क्रमांक सीजी - 08/एजी 1209), एक धारदार चाकू और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

जल ही जीवन है
इसे व्यर्थ न बहाये

# खनिज माफियाओं पर शिकंजा : ईंट और रेत का अवैध परिवहन करते 1 माजदा और 3 ट्रैक्टर जब्त



चांदो, खुज्जी, छुरिया और तुमड़ीबोड़ सहित एक दर्जन क्षेत्रों में दी गई आकस्मिक दबिश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज विभाग की टीम द्वारा ग्राम चांदो, बंशीबंजारी, खुज्जी, कुमरदा, साल्हे, छुरिया, बाबूटोला, चिचोला, तुमड़ीबोड़, सुकुलदैहान सहित अन्य क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अवैध रूप में ईट एवं रेत का परिवहन करने पर 1 माजदा एवं 3 ट्रैक्टर को जप्त किया गया। इसके तहत ग्राम टप्पा में मड़ियान निवासी घनश्याम वर्मा के स्वामित्व के माजदा सीजी 08 एल 3103 वाहन से वाहन चालक देवीलाल द्वारा ईट का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते हुए जप्त कर थाना तुमड़ीबोड़ को सुपुर्द किया गया। इसी तरह ग्राम बाबूटोला में ग्राम बाबूटोला निवासी ट्रैक्टर सोल्ड सोनालिका के मालिक व वाहन चालक टेकराम पाल, टैक्टर सीजी एआर 6853 के मालिक व वाहन चालक मनीष कुमार पाल द्वारा एवं ट्रैक्टर सोल्ड स्वराज के मालिक व वाहन चालक रितेष सिन्हा द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते हुए जप्त कर थाना चिचोला को सुपुर्द किया गया। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के रोकथाम के लिए लगातार गस्त व निगरानी की जा रही है।

# सोमनी उपचुनाव : दिलाशा बाई साहू बनीं वार्ड 20 की नई पंच, सरपंच व ग्रामीणों ने मिठाई खिलाकर दी बधाई



प्रतिद्वंद्वी अनोखी बाई को 25 मतों से दी शिकस्त; परिणाम आते ही फूटे पटाखे, देर शाम तक चला जीत का जश्न

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पंचायत सोमनी के वार्ड क्रमांक 20 में पंच पद के लिए हुए उपचुनाव के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। सोमवार को बेहद सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए इस चुनाव में पंच प्रत्याशी दिलाशा बाई साहू ने शानदार जीत दर्ज की है। उन्होंने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी अनोखी बाई को 25 मतों के अंतर से शिकस्त देकर पंच पद पर कब्जा जमाया। सोमवार सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक चले मतदान के तुरंत बाद मतों की गणना शुरू की गई। जैसे ही दिलाशा बाई की जीत की आधिकारिक घोषणा हुई, समर्थकों और ग्रामीणों में हर्ष की लहर दौड़ गई।

जीत की खबर मिलते ही सोमनी की सरपंच श्रीमती नीलिमा शिवा साहू, पंच भारती टंडन, गोविंद साहू और जितेंद्र बंजारे नवनिर्वाचित पंच दिलाशा बाई साहू के निवास पहुंचे। वहां उन्होंने दिलाशा बाई को पुष्प-गुच्छ भेंट किया और मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की मंगलकामना करते हुए विश्वास जताया कि वे ग्राम विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगी। चुनाव परिणाम आने के बाद देर शाम को नवनिर्वाचित पंच के समर्थकों ने गांव में जमकर पटाखे फोड़े और मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। गांव के विकास और जनसेवा को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया। इस दौरान गांव के वरिष्ठ नागरिक गोकुल यादव, विदेशी राम साहू, युवा नेता सचिन यादव सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी और मातृशक्ति (महिलाएं) उपस्थित रही। जिन्होंने नई पंच को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
नागपुर मंडल के रेलवे स्टेशनों पर IRS आश्रयों के प्रावधान के लिए ई-निविदा सूचना
मंडल विद्युत अभियंता (GSU) द्वारा निम्नलिखित विभिन्न जीएसयू कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:
निविदा सूचना क्रमांक: GSU-EL-G-NAG-2026-27-05 दिनांक: 22.05.2026
कार्य का नाम: इलेक्ट्रिकल (G) कार्य संबंधित: द.पू.म. रेलवे, नागपुर मंडल के NSG-6 रेलवे स्टेशनों पर IRS आश्रयों का प्रावधान।
निविदा मूल्य: ₹ 2,46,81,290/-
बयाना राशि: ₹ 4,93,600/-
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: दिनांक 17.06.2026 के 15:00 बजे तक।
उपर्युक्त निविदा संबंधित अन्य जानकारी हेतु वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।
मंडल विद्युत अभियंता-जीएसयू, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
MS/21-82
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना
ई-निविदा सूचना सं.: ST-NIR-HSpart-VDU-PC-26, दिनांक : 25.05.2026
कार्य का नाम : (अ) एसईसीआर के नागपुर मंडल के नैनपुर स्टेशन पर HS-SPART उपलब्ध कराने हेतु एस एंड टी कार्य। (ब) एसईसीआर के नागपुर मंडल में एम्बेडेड पीसी सहित VDU का प्रतिस्थापन।
निविदा मूल्य : रु. 2,56,97,472.80/- जमानत राशि : रु. 5,14,000/- कार्य पूर्ण करने की अवधि : 06 (छह माह)
निविदा जमा करना : बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित निविदाएं केवल दिनांक 16/06/2026 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकेंगे। विस्तृत जानकारी हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध है : www.ireps.gov.in
डी.एस.टी.ई./एनजीपी
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
AAA/22/85
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## अनमोल दावा

“ *केवल खड़े होकर पानी देखने से आप नदी पार नहीं कर सकते, पार करने के लिए उतरना पड़ता है।*

# इंतजामों को अधिक सक्रिय करने की जरूरत

हमारे देश के वनों में गर्मियों के दिनों में आग लगना एक लगातार सिलसिला है। अप्रैल का महीना शुरू हुआ कि आग से जंगल धधकने लगते हैं। जंगल की आग पर्यावरण की दृष्टि से तो खतरनाक है ही जनजीवन और बायोडायर्वसटी की दृष्टि से भी हानिकारक है। ऐसे समय में जब जंगलों में आग लगती है तो देखा गया है कि उसकी तैयारी में सरकार विफल रही है।

देश के वनों में अप्रैल माह में आग की घटनाओं को देखें तो देश में हाल फिलहाल 361 जगह वनों में आग लगी हैं। इन घटनाओं की निगरानी को फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की साइट पर लांच बीटा संस्करण एसएनपीपी - वीआईआईआरएस का 10 अप्रैल, 2024 का भारत के वनों में लगी भीषण आग का मौजूद आंकड़ा बताता है कि सबसे अधिक आंध्र प्रदेश में 122, तेलंगाना में 55, छत्तीसगढ़ में 47, उत्तराखंड में 32, बिहार में 23, ओडिसा में 22, उत्तर प्रदेश में 17 सहित 21 राज्यों में 361 जगह आग लगी थी जो 13 अप्रैल को घट कर काबू होने के बाद 33 रह गई। 1अप्रैल को देश के वनों में 132 बड़ी आग लगी थी जो 10 अप्रैल को 361 जगह तक पहुंच गई है। अप्रैल माह में पिछले 7 दिनों का आंकड़ा देखें तो एक्टिव आग की घटनाओं में टॉप फाइव राज्यों में छत्तीसगढ़ में 166, आंध्र प्रदेश में 248, मध्य प्रदेश में 207, ओडिसा में 146 और असम में 139 जगहों पर बड़ी आग लगी। वहीं 1 नवम्बर, 2023 से 2024 में बड़ी आग की घटनाओं में टॉप फाइव राज्यों में आंध्र प्रदेश में 860, मध्य प्रदेश में 719, तेलंगाना 688, महाराष्ट्र में 547 और छत्तीसगढ़ में 527 बार आग लगी, जबकि वर्ष 2022-2023 में तो पूरे देश के वनों में 12562 आग की घटनाएं हुई। जंगल की आग से वनों का क्षरण तो होता ही है बहुमूल्य वन संपदा और कार्बन भी नष्ट हो जाते हैं। वनों का पारिस्थितिकी तंत्र भी प्रभावित होता है। यह देखा गया है फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के अनुसार जंगल की आग को मॉनिटर करने के लिए भारत में 2004 से शुरू सेटेलाइट की रिमोट सेंसिंग मोडिस अर्थात मॉडरेट रेजोल्यूशन इमेजिंग स्पेक्ट्रो रेडियोमीटर सेंसर और 2017 से भारतीय सेटेलाइट से सम्पूर्ण भारत में एसएनपीपी-वीआईआईआरएस अर्थात सुओमी-नेशनल पोलर आर्बिटिंग पार्टनरशिप-विजिबल इंफ्रारेड इमेजिंग रेडियोमीटर सूट के साथ जीआईएस टूल्स की मदद से वनों की आग को मॉनिटर किया जा रहा है। देश का कुल 32,87,469 वर्ग किलोमीटर भौगोलिक क्षेत्र है।

नवीनतम आईएसएफआर 2021 के अनुसार देश का कुल 7,13,789 वर्ग किलोमीटर वन आवरण है। जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 21.71 प्रतिशत है। वन सर्वे ऑफ इंडिया का अनुमान है कि देश में 36 प्रतिशत से अधिक वन क्षेत्र में बार-बार आग लगती रहती है। देश के करीब 4 प्रतिशत वन क्षेत्र में अधिक तो 6 प्रतिशत भाग में सबसे अधिक खतरा पाया गया है। ग्लोबल फॉरेस्ट वाच के अनुसार विश्व स्तर पर आग से वर्ष 2001 से 2022 के बीच 126 मिलियन हेक्टेयर वनों का नुकसान हुआ। इनमें वर्ष 2016 ऐसा वर्ष रहा जिसमें आग से सबसे अधिक 9.63 मिलियन हेक्टेयर वन आवरण का नुकसान हुआ। पिछले कुछ दशकों में आग की घटनाओं को देखें तो 2001 से 2022 के बीच भारत में आग की घटनाओं से 35.9 हेक्टेयर वृक्ष आवरण को नुकसान और 2.15 मेगा हेक्टेयर वृक्ष आवरण का नुकसान अन्य कारणों से हुआ। इसमें भी 2008 में आग से सबसे अधिक कुल 3.5 प्रतिशत वृक्ष आवरण का नुकसान हुआ।

अगर 12 अप्रैल 2021 से 8 अप्रैल 2024 के बीच आज की घटनाओं की बात की जाए तो 5,29,248 ड्ढद्धक्र के माध्यम से बड़ी आज की घटनाएं रिपोर्ट की गई है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार विश्व में हर वर्ष करीब 7 करोड़ हेक्टेयर वन क्षेत्र आग लगने की घटनाओं से प्रभावित होता है। इससे बड़े स्तर पर पर्यावरणीय और आर्थिक क्षति होती है। ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच के अनुसार विश्व में सन 2010 में 3.92 गीगा हेक्टेयर वृक्ष आवरण था जो पृथ्वी के 30 प्रतिशत से अधिक भू-भाग में फैला हुआ था, लेकिन 2023 में विभिन्न कारणों से 28.3 मिलियन हेक्टेयर वृक्ष आवरण कम हो गया। सन 2001 से 2023 तक वैश्विक स्तर पर 488 मिलियन हेक्टेयर वृक्ष आवरण की हानि हुई जो 2000 के बाद से वृक्ष आवरण में 12 प्रतिशत की कमी के बराबर है, जबकि सन 2002 से 2023 के बीच कुल 76.3 मिलियन हेक्टेयर आद्र प्राथमिक वन कम हो गया।

भारत की बात करें तो सन 2010 में 31.3 मिलियन हेक्टर प्राकृतिक वन थे जो कि इसकी कुल भूमि का 11 फीसद था, लेकिन वर्ष 2023 में 134 किलो हेक्टेयर आद्र प्राकृतिक वन की हानि हो गई। वर्ष 2002 से 2023 के बीच भारत में 414 हेक्टेयर आद्र प्राथमिक वन खो दिए। इस तरह भारत में कुल 4.1 प्रतिशत वन क्षेत्रफल कम हो गया। जिसमें 2016 और 2017 में अधिक हानि हुई। वनों में आग लगने से बड़े पैमाने पर मानवीय, पर्यावरण और आर्थिक हानि होती है। इसलिए आग फैलने से रोकना बहुत ही जरूरी है। वनों की आग को नियंत्रित करने में वही पुराने साधन और संसाधनों से आग काबू पाने के लिए राज्यों के महकमे लगे हुए हैं। तकनीक से हम बेहतर तरीके से मॉनिटर कर पा रहे हैं, लेकिन विकसित देशों की तरह वनों की आग को काबू पाने के इंतजामों को अधिक सक्रिय करने की जरूरत है।

# स्वस्थ जीवन एवं स्वस्थ पर्यावरण का आधार है साइकिल




-:ललित गर्ग:-

हर वर्ष 3 जून को मनाया जाने वाला विश्व साइकिल दिवस केवल एक साधारण वाहन के सम्मान का अवसर नहीं है, बल्कि यह मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समानता और सतत विकास के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, बढ़ती बीमारियों और यातायात संकट जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब साइकिल एक ऐसे सरल समाधान के रूप में उभरती है जो व्यक्ति, समाज और राष्ट्र-तीनों के लिए समान रूप से लाभकारी है। विश्व साइकिल दिवस 2026 की थीम 'हरियाली भरे भविष्य के लिए साइकिल चलाना' अत्यंत सार्थक और समयानुकूल है। यह थीम हमें याद दिलाती है कि यदि हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित पृथ्वी छोड़नी है, तो हमें अपने परिवहन के तौर-तरीकों में बदलाव लाना होगा और साइकिल को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा।

साइकिल मानव सभ्यता के उन आविष्कारों में से एक है जिसने दो शताब्दियों से अधिक समय तक अपनी उपयोगिता बनाए रखी है। तकनीकी क्रांति के इस युग में भी इसकी प्रासंगिकता कम नहीं हुई है, बल्कि नई चुनौतियों के बीच इसका महत्व और बढ़ गया है। यह एक ऐसा वाहन है जो बिना पेट्रोल, डीजल या बिजली के चलता है, न कोई धुआँ छोड़ता है और न ही पर्यावरण को नुकसान पहुँचाता है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र ने 2018 में इसे वैश्विक स्तर पर मान्यता देते हुए विश्व साइकिल दिवस घोषित किया। आधुनिक जीवनशैली ने मनुष्य को सुविधाएँ तो बहुत दी हैं, लेकिन इसके साथ अनेक स्वास्थ्य समस्याएँ भी पैदा कर दी हैं। घंटों कुर्सी पर बैठकर काम करना, शारीरिक श्रम का अभाव, वाहन-निर्भरता और तनावपूर्ण जीवन ने मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग तथा मानसिक अवसाद जैसी समस्याओं को बढ़ा दिया है। ऐसे समय में साइकिल केवल एक परिवहन साधन नहीं, बल्कि एक प्रभावी स्वास्थ्य-सहचर बनकर सामने आती है।

चिकित्सकों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार नियमित साइकिल चलाना एक उत्कृष्ट कार्डियोवैस्कुलर व्यायाम है। इससे हृदय मजबूत होता है, रक्त संचार बेहतर होता है, फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है और शरीर की अतिरिक्त कैलोरी खर्च होती है। साइकिल चलाने से मांसपेशियाँ सुदृढ़ होती हैं तथा जोड़ों पर अत्यधिक दबाव भी नहीं पड़ता, इसलिए यह सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयुक्त व्यायाम माना जाता है। विशेष रूप से मधुमेह, मोटापा और हृदय रोगों से बचाव में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। केवल शारीरिक ही नहीं, मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी साइकिल अत्यंत लाभकारी है। आज तनाव, चिंता और अवसाद वैश्विक समस्याएँ बन चुके हैं। खुली हवा में साइकिल चलाने से मन प्रसन्न होता है, तनाव हार्मोन कम होते हैं और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यह व्यक्ति को प्रकृति के निकट लाती है तथा जीवन में संतुलन और आनंद की अनुभूति कराती है। वास्तव में साइकिल चलाना शरीर और मन दोनों का एक साथ व्यायाम है।



पर्यावरणीय दृष्टि से साइकिल का महत्व और भी अधिक है। विश्व के बड़े शहर बढ़ते प्रदूषण और ट्रैफिक जाम से त्रस्त हैं। मोटर वाहनों से निकलने वाला धुआँ वायु प्रदूषण का प्रमुख कारण है, जो न केवल पर्यावरण बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी घातक है। साइकिल शून्य-उत्सर्जन वाला वाहन है। यदि छोटी दूरी की यात्राओं के लिए लोग मोटरसाइकिल और कार के स्थान पर साइकिल का उपयोग करें, तो कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। यह जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध व्यक्तिगत स्तर पर किया जाने वाला सबसे सरल और प्रभावी प्रयास है। सामाजिक दृष्टि से भी साइकिल समानता और समावेशिता का प्रतीक है। यह अमीर और गरीब, दोनों के लिए समान रूप से उपयोगी है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लाखों लोग शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँचने के लिए साइकिल पर निर्भर हैं। कम आय वाले परिवारों के लिए यह सबसे सुलभ और किफायती परिवहन साधन है। साइकिल सामाजिक गतिशीलता को बढ़ाती है और अवसरों तक पहुँच आसान बनाती है।

भारत जैसे विकासशील देश के लिए साइकिल का महत्व विशेष रूप से अधिक है। एक ओर देश ऊर्जा आयात पर भारी खर्च करता है, दूसरी ओर महानगरों में यातायात और प्रदूषण गंभीर समस्या बन चुके हैं। यदि साइकिल संस्कृति को व्यापक रूप से प्रोत्साहित किया जाए तो ईंधन की बचत होगी, विदेशी मुद्रा का संरक्षण होगा और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च भी कम होगा। स्वस्थ नागरिक किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूँजी होते हैं। विडंबना यह है कि भारत में कभी साइकिल आम जनजीवन का अभिन्न हिस्सा थी, लेकिन उपभोक्तावादी संस्कृति और मोटर वाहनों की बढ़ती प्रतिष्ठा ने इसे पीछे धकेल दिया। आज अनेक लोग साइकिल को केवल गरीबों का वाहन मानते हैं, जबकि विकसित देशों में साइकिल प्रतिष्ठा, स्वास्थ्य चेतना और पर्यावरणीय जिम्मेदारी का प्रतीक बन चुकी है। नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी जैसे देशों ने साइकिल को शहरी जीवन का केंद्र बनाया है। वहाँ अलग साइकिल लेन, सुरक्षित मार्ग और अनुकूल नीतियाँ उपलब्ध हैं। भारत को भी इस दिशा में गंभीर पहल करनी होगी।

समय की माँग है कि साइकिल को केवल खेल या मनोरंजन का साधन न मानकर सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग बनाया जाए। शहरों में सुरक्षित साइकिल ट्रैक, सार्वजनिक साइकिल शेयरिंग सिस्टम, कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों में साइकिल उपयोग को प्रोत्साहन तथा सरकारी स्तर पर प्रोत्साहन योजनाएँ विकसित की जानी चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में साइकिल चलाने की संस्कृति को बढ़ावा दिया जाए तथा लोगों को इसके स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय लाभों के प्रति जागरूक किया जाए। विश्व साइकिल दिवस मनाने का उद्देश्य भी यही है कि समाज साइकिल के बहुआयामी महत्व को समझे और इसे दैनिक जीवन में अपनाए। यह दिवस हमें बताता है कि बड़े परिवर्तन हमेशा जटिल तकनीकों से नहीं आतेय कभी-कभी एक साधारण दो पहियों वाला वाहन भी मानवता को बेहतर भविष्य की दिशा दिखा सकता है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम साइकिल को अतीत की वस्तु नहीं, बल्कि भविष्य की आवश्यकता के रूप में देखें। जब दुनिया सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रयासरत है, तब साइकिल एक ऐसा माध्यम है जो स्वास्थ्य, पर्यावरण, अर्थव्यवस्था और सामाजिक न्याय-सभी क्षेत्रों में सकारात्मक योगदान दे सकती है। विश्व साइकिल दिवस हमें यह संदेश देता है कि यदि हम स्वस्थ शरीर, स्वच्छ वातावरण और संतुलित जीवन चाहते हैं, तो साइकिल को पुनः अपने जीवन का हिस्सा बनाना होगा। यह केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि एक जीवन-दर्शन है-सादगी, संतुलन, स्वास्थ्य और प्रकृति के साथ सामंजस्य का जीवन-दर्शन। आने वाला भारत तभी अधिक स्वस्थ, हरित और प्रगतिशील बन सकेगा जब साइकिल फिर से उसकी सड़कों, गलियों और जनजीवन की धड़कन बनेगी। यही विश्व साइकिल दिवस की सार्थकता है और यही हरियाली भरे भविष्य की दिशा में हमारा सामूहिक संकल्प होना चाहिए।

**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज**
**दिल्ली-110092, मो. 9811051133**

## विचार सरिता

# सवाल-जवाब : खानपान का हमारे शरीर के साथ-साथ मन पर भी असर होता है

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



आज की ज्ञानचर्चा में विवेक ने आचार्य सत्यव्रत के समक्ष खानपान से संबंधित प्रश्न पूछा। इस रुचिकर विषय पर चर्चा एवं सवालों-जवाबों का क्रम प्रारंभ हुआ।

आचार्य सत्यव्रतः आचार्य जी। क्या खानपान का असर हमारे शरीर के साथ-साथ मन पर भी पड़ता है? कृपया स्पष्ट करें।

आचार्य सत्यव्रतः अवश्य! खान-पान का हमारे शरीर पर गहरा असर पड़ता है। हमारा भोजन जैसा होगा, वैसा हमारा शरीर होगा और उसी के अनुसार हमारा मन भी ढलता है। अगर अति चटपटेदार और तीखे व्यंजनों से युक्त भोजन करें तो स्वाभाविक ही यह हमारे शरीर के लिए स्वाथ्यवर्धक नहीं होगा, बल्कि नुकसानदेह ही होगा।

छांदोग्य उपनिषद में कहा गया है-

अन्नमय हि सौम्य मनः।

इसका अर्थ है, मन अन्न से बना है।

जिज्ञासु : इसे और स्पष्ट करिए गुरुदेव ।

आचार्य सत्यव्रत : जैसा हम अन्न खाते हैं, जैसा हम भोजन करते हैं, वैसा हमारा मन बनता है।अगर भोजन शुद्ध होगा, तो हमारा मन भी शुद्ध और पवित्र होगा। भोजन शांत मन से ग्रहण करें। ईश्वर को धन्यवाद देते हुए ग्रहण करें। भोजन को आनंदभाव से ग्रहण करें। ऐसा करने पर भोजन सुपाच्य बनता है। उसके पोषक तत्व शरीर में अच्छी तरह घुलते मिलते हैं और ये शरीर को ऊर्जा देने काम करते हैं। अगर भोजन सात्विक न हो तो ये पाचन प्रक्रिया पर विपरीत असर डालते हैं। इससे मस्तिष्क में भी विक्षोभ होता है और अंततः इससे मन दूषित होता है।

(सवाल और जवाब केवल सुझाव के रूप में हैं।

हर व्यक्ति और हर परिस्थिति में इनका समान रूप से लागू होना आवश्यक नहीं है।)

## शब्द सामर्थ्य -054

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 53 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

## सू- दोकू क्र.54

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.53 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## सामयिक चर्चा

# साहब का शिष्ट व्यवहार

बानी बोले - हमारे मुख्यमंत्री
विष्णुदेव जी साय का कड़ा संदेश,
हमें अच्छा लगा गजाधर !
आप डिटेल में सुनिए -
सुशासन तिहार-2026 के तहत
आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में
लापरवाही बरतने के आरोप को,
सीएम साय जी ने गंभीरता से लेते हुए
दुर्ग जनपद सीईओ रूपेश कुमार पाण्डे को
तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने के
निर्देश दुर्ग संभागायुक्त को दिए।
सीएम के निर्देशों ने परिपालन में
कमिश्नर दुर्ग ने सीईओ पाण्डे को
तत्काल प्रभाव से निलम्बित किए।
गजाधर! इस पर मेरे मन में
यह प्रश्न अपने आप उठता है
अफसर आगंतुक जनता से
अशिष्ट व्यवहार क्यों करते है ?
आप क्या कहते हैं ?
गजाधर मुस्कराए बोले - ''बानी! देखो,
अफसर भी मनुष्य है।
तो वे मनुष्यता रखते है,
पर वे क्या करें, असमर्थ हैं बेचारे!
कुर्सी पर बैठते ही वे साहब हो जाते हैं।
और फिर कुर्सी के नशे में रहते है।
मुख्यमंत्री या मंत्री द्वारा
जनता से शिष्ट व्यवहार करने के लिए
कहने पर अफसर पर उसका असर
फिर ऐसा पड़ता है,
कि वह अपने आफिस की
गद्देदार कुर्सी पर बैठते ही
आवेदन लिए संकुचाय व्यक्ति से कहता है-
ये महोदय ! उधर क्यों खड़ा है?
इधर इस तरफ पास आ?
क्या है तेरा एप्लीकेशन, दिखा?
(मंगलवार 2 जून 2026)



गिरीश बख्शी

## कविता

# ॥ नइ आवय कोनो अवतार ॥

लक लक लक लक घाम करत हे, धक धक धक धक जीव जनाय।
चूहय पसीन तर तर तर तर, चट चट चट चट देह जराय।।
जर बुखार मा पंखा कूलर, लुका छिपी बिजली के हाल।।
कहाँ जावन जियरा जुड़ावन, तलमिल तलमिल बाराहाल।।
सुक्खा परगे तरिया-नदिया, बूंद-बूंद बर जग लुलवाय।
पाँव परत हन सुरुज नरायण, अतेक काबर तँय गुसियाय।।
जब सुनिस मोर अईसन विनती, आँखी वोकर बड़ ललियाय।
खुद के करनी खुद भोगत हव, मोला काबर दोष लगाय।।
चलनी कस तुम छेद डरे हव, धरती भीतरी फुट हजार।
दिन-दिन उजरय जंगल झाड़ी, काय मनखे तुम जीवमार।।
स्वारथ बस नइ बाँचिस धरती, अब नइ बाँचत हवे अगास।
कर लव रे तुम जतन इँकर, जउन हा हावय तुँहर पास।।
जइसन मा ओजोन खिराथे, तइसन सब्बो काम बेकार।
जर बन जाथे रोग- राइ के, होवत हें कतको बीमार।।
चेत ल कब तुम करिहव संगी, नइ हो तुमन अतेक नदान।
कइसे जिही अवइया पीढ़ी,
जानत हवव कि हव अनजान।।
अब तो कर लव धरती हरियर,
पेड़ लगावव लाख हजार।
येकर-वोकर मुँह झन ताकव,
नइ आवय कोनो अवतार।।



रोशन साहू 'मोखला'
( राजनांदगांव )

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सफलता दिलायेगा। पारिवारिक रिश्तों में गहराई और अपनापन महसूस हो सकता है। आज आपकी पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है। आज जमीन जायदाद से जुड़े काम निपट जाएंगे। साझेदार की गतिविधियों पर ध्यान देंगे।

**वृष राशि** — आज आपका दिन शांत रहेगा। आज आपकी मुलाकात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप जीवन की नई सीख लेंगे। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स कॉलेज में कुछ नया सीखेंगे और पढ़ाई की तरफ झुकाव बढ़ेगा।

**मिथुन** — आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुशखबरी मिलेगी। ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी। आज आपकी किसी रिश्तेदार से फोन पर बात हो सकती है, आपको कुछ नया सुनने को मिलेगा।

**कर्क** — आज आपका दिन आपके लिए परिवार के लिए खुशियाँ लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपको कोई नई जानकारी मिलेगी यह जानकारी भविष्य के लिये फायदेमंद साबित होगी। आज आलस व सुस्ती छोड़कर काम में मन लगाने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर अमल करने के लिए आज का दिन अच्छा है। नई तकनीक के इस्तेमाल पर विचार-विमर्श होगा।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके सोचे हुए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से खुशी मिलेगी। मानसिक रूप से जिन लोगों के साथ कोई परेशानी है, उसे दूर करने का उपाय मिलेगा। आज किसी से बात करते समय अपनी भाषा में मधुरता बनाये रखें।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए दिन शुभ रहने वाला है। आज जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निपटाने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। धैर्य और विनम्रता बनाये रखें। पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत होगी। आज आपको किसी समस्या का समाधान भी मिल सकता है।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। आज आप धार्मिक गतिविधि में शामिल हो सकते है। किसी विशेष काम में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। आज जरूरी काम को लेकर उस विषय के जानकार व्यक्ति से विचार करेंगे और योजना बनाएंगे। आपकी योजनाएं सफल होने के योग हैं।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज कोई पुरानी देनदारी निपटा सकते हैं। दूसरों को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिल सकती है। किसी भी कार्य को करने में धैर्य और समझदारी रखें। परिवार के कामों में आपका पैसा लग सकता है। आज किसी उच्च अधिकारी से मुलाकात के योग बन रहे हैं।

**मकर** — आज का दिन आपके लिये फेवरेबल होने वाला है। आज आपको कुछ ऐसा मिलेगा जिसकी आपको बहुत दिनों से ख्वाहिश थी। आज किसी इम्पोर्टेन्ट विषय में अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करें। आज आप अपने सभी काम मेहनत, धैर्य और समझदारी से निपटा लेंगे।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। आज अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलें तो आपको अच्छी जानकारी मिल सकती है जो आपके बहुत ही काम आएगी। आज कुछ पुरानी बातें आपको याद आ सकती हैं।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाल है। आज ऑफिस में कामकाज ज्यादा रहेगा। जिसकी वजह से आपको खुद के लिए समय निकल पाना मुश्किल होगा। लेकिन काम समय से पूरा होने से आपको खुशी भी होगी। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है। इसमें आपको सफलता मिलने के योग भी हैं।

# मंथन से मजबूत होगा संगठन : मानपुर में भाजपा का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक संपन्न

**0 13 वैचारिक व व्यावहारिक सत्रों में कार्यकर्ताओं को मिला राष्ट्रीय नेतृत्व और वरिष्ठ प्रभारियों का ऊर्जावान मार्गदर्शन**

**0 स्थानीय टोली ने संभाली कुशल व्यवस्था, वरिष्ठ नेताओं ने की अनुशासन की सराहना**



अंबागढ़ चौकी (दावा)। स्थानीय मंगल भवन मानपुर में आयोजित भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026' जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं और प्रभारियों की अथक मेहनत से सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। इस महासंगम का मुख्य उद्देश्य संगठन को वैचारिक रूप से सुदृढ़ करना और आगामी कार्ययोजनाओं के लिए जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को तैयार करना रहा। दो दिनों तक चले कुल 13 वैचारिक और व्यावहारिक सत्रों के इस महाअभियान में संगठन विस्तार और राष्ट्रहित की बारीकियों पर वरिष्ठ नेतृत्व का प्रखर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

### शीर्ष नेतृत्व एवं प्रभारियों का गरिमामयी मार्गदर्शन

इस प्रशिक्षण वर्ग के विभिन्न महत्वपूर्ण सत्रों में कार्यकर्ताओं में वैचारिक ऊर्जा फूंकने तथा सांगठनिक कौशल सिखाने के लिए मुख्य रूप से क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल तथा सांसद संतोष पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही रायपुर ग्रामीण जिला प्रभारी एवं वर्गाध्यक्ष माननीय सुरेंद्र पाटनी, प्रदेश प्रशिक्षण संयोजक अवधेश शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणीग्रही, प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला प्रभारी देवलाल ठाकुर तथा भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा ने संगठन की रीति-नीति और सिद्धांतों पर विस्तृत प्रकाश डाला। विभिन्न सत्रों के दौरान मंच पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती श्वेता शर्मा, राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं जिला वर्ग नियंत्रक मदन साहू, सोशल मीडिया प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हर्षित चौकसे, प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती शताब्दी पांडेय, सोशल मीडिया कार्यसमिति सदस्य सुश्री आशा साव, नीति अनुसंधान संयोजक शषांक शर्मा, वरिष्ठ नेता अशोक बजाज तथा प्रशिक्षण विभाग के प्रदेश संयोजक अवधेश जैन ने भी अपने सारगर्भित व्याख्यानों से कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम को गति देने में जिला महामंत्री अनिल गुप्ता एवं नरसिंह भंडारी की विशेष उपस्थिति रही। वहीं परीक्षा प्रमुख के रूप में राजू उमाकांत टांडिया ने कुशलतापूर्वक मंच संचालन किया तथा अंबर जोशी ने संपूर्ण आयोजन की व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### कुशल स्थानीय टोली ने पेश की अनुशासन की मिसाल

इस भव्य और बड़े आयोजन को सुचारू, अनुशासित और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए स्थानीय कार्यकर्ताओं की टोली ने चौबीसों घंटे मुस्तैदी से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। जिसकी वरिष्ठ नेतृत्व ने मुक्त कंठ से सराहना की। इस स्थानीय प्रबंधन टोली में प्रमुख रूप से यह दायित्व संभाले गए। शाखा और योग वर्गः विजय वैष्णव (युवा), श्रीमती नम्रता सिंह एवं श्रीमती रेणु टांडिया (महिला मोर्चा) मंच संचालन व जीवन परिचय संकलन राजू टांडिया मंच व भोजन व्यवस्था अनिल गुप्ता (मंच प्रबंधन) एवं राजेश जैन गुजराती (भोजन व्यवस्था) सामग्री, फ्लेक्स, स्मृति चिन्ह व साउंड अंबर जोशी (सामग्री व फ्लेक्स) तथा मानसिंह टेकाम (लाइट व साउंड व्यवस्था) एलईडी एवं पीपीटी प्रस्तुतीकरण अनुराग कनौजे दीप प्रज्ज्वलन एवं समापन सत्र व्यवस्था श्रीमती संगीता मिश्रा, संपूर्ण परिसर एवं मंच सजावट प्रकाश मिश्रा, सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्रचार अविनाश त्रिपाठी, तिलक एवं स्वागत सत्कार श्रीमती किरण मंडावी, मोबाइल काउंटर व्यवस्था रज्जाक खान, ध्वजारोहण व ध्वज अवनयन विक्रांत निकोशे, सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजन गुहरीराम पटेल, कट आउट व्यवस्था राजू सेन एवं योगेन्द्र गंधर्व, गीत प्रमुख श्रीमती कुंजलता हरमुख, चिकित्सा प्रकोष्ठ (आपातकालीन सेवा) गलेश गिरी गोस्वामी, वीआईपी सामग्री प्रबंधन यशवंत पटेल, रंगोली, थर्मोकोल कला व सेल्फी पॉइंट निर्माण राजू देशमुख, छायाचित्र (फोटोग्राफी) अभिनंदन एवं एन अभिषेक 'राष्ट्र प्रथम, संगठन सर्वोपरि' के मूलमंत्र के साथ यह दो दिवसीय महासंगम सभी कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा और संकल्प का संचार करते हुए संपन्न हुआ।

# कुहीकला में लगा सुशासन तिहार का भव्य शिविर, 18 पंचायतों के ग्रामीणों से मिले 1170 आवेदन



**0 मौके पर ही हुआ कई समस्याओं का त्वरित निराकरण, हितग्राहियों को बांटी गई सामग्री**
**0 फसल चक्र परिवर्तन और जल संरक्षण के लिए गर्रापार के जागरूक किसान हुए सम्मानित**

राजनांदगांव (दावा)। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत कुहीकला में छठवें जनसमस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुहीकला क्लस्टर की 18 ग्राम पंचायत आलीवारा, भकुर्रा, पठानढोड़गी, दैहान, दामाबंजारी, फाफामार, गैंदाटोला, गर्रापार, गेरूघाट, घोटिया, जयसिंगटोला, जोशीलमती, कल्लूबंजारी, केशाल, टिपानगढ़, कोलिहालमती, कुहीकला एवं मेटेपार के ग्रामीणों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। शिविर में पंचायत, राजस्व, कृषि, स्वास्थ्य, विद्युत, जल संसाधन, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। शिविर के दौरान कुल 1170 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें 1163 मांग संबंधी तथा 7 शिकायत संबंधी आवेदन शामिल है। प्राप्त आवेदनों में से मौके पर निराकरण योग्य प्रकरणों का तत्काल समाधान कर हितग्राहियों को राहत प्रदान की गई तथा शेष आवेदनों के समयबद्ध निराकरण के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।

जनसमस्या निवारण शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राहियों को अभिनंदन पत्र प्रदान किए गए। इसके साथ ही पात्र परिवारों को नवीन राशन कार्ड वितरित किए गए तथा स्व-सहायता समूहों को आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ऋण स्वीकृति चेक प्रदान किए गए। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र, स्वच्छता सामग्री किट तथा मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित गोद भराई कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित की गई तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। वही कृषि एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले ग्राम पंचायत गर्रापार के किसानों को फसल चक्र परिवर्तन अपनाने तथा जल संरक्षण एवं जल संवर्धन की दिशा में विशेष प्रयास करने के लिए सम्मानित किया गया। शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय सिन्हा, जनपद पंचायत सदस्य बालमुकुन्द कुंजाम, उभेराम मण्डावी, श्रीमती रेखा गंधर्व, श्रीमती राधिका चंद्रवंशी, श्रीमती हेमिन साहू, एसडीएम श्रीकांत कोराम, सीईओ जनपद पंचायत होरीलाल साहू सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### अग्रवाल परिचय सम्मेलन 7 जून को अग्रसेन भवन रायपुर में

डोंगरगढ़ (दावा)। अग्रवाल सभा रायपुर द्वारा आयोजित विधवा विधुर तलाकशुदा परिचय सम्मेलन आगामी 7 जून रविवार को आयोजित है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए स्थानीय अग्रवाल सभा के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने बताया कि, जवाहर नगर रायपुर स्थित अग्रसेन भवन में अग्रवाल सभा रायपुर के अध्यक्ष विजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित होने जा रहा है। इस परिचय सम्मेलन के लिए रायपुर के विशंभर अग्रवाल एवं डॉ. नीरज अग्रवाल को रजिस्ट्रेशन की जिम्मेदारी दी गई है श्री अग्रवाल ने क्षेत्र के समस्त ऐसे सामाजिक बंधुओं से जो इस वर्ग में आते हो परिचय सम्मेलन का लाभ उठाने की अपील की है।

### ढारा-खपरीकला मार्ग क्षतिग्रस्त : मानसून से पहले सड़क मरम्मत कराने की मांग, गड्ढों के कारण सड़क पर चलना हुआ मुश्किल



डोंगरगढ़(दावा)। डोंगरगढ़ को खैरागढ़ से जोड़ने वाले मुख्य मार्ग का बरसात के पूर्व मरम्मत नहीं होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता हैं। शासन-प्रशासन से क्षेत्रवासियों द्वारा अनगिनत बार आवेदन-निवेदन किए जाने के बावजूद अब तक सड़क के स्थाई निर्माण को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों से खैरागढ़ और डोंगरगढ़ पढ़ाई करने आने और जाने वाले स्कूली बच्चे हर दिन ऑटो, वैन या साइकिल से इसी जर्जर मार्ग से गुजरते हैं। बारिश के दिनों में कीचड़ और जलभराव के बीच इन मासूमों के साथ कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है साथ ही यात्री बसों के पलटने का डर बना रहता है इस रूट पर रोजाना दर्जनों यात्री बसें चलती हैं। भारी-भरकम बसों का पहिया जब पानी से भरे गहरे गड्ढों में अचानक दबेगा, तो बस पलटने जैसी वीभत्स घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। दैनिक रूप से अप-डाउन करने वाले शासकीय कर्मचारी समय पर दफ्तर नहीं पहुंच पाते। वहीं अपनी रोजी-रोटी के लिए निकलने वाले दिहाड़ी मजदूरों की कमर इस जानलेवा सफर से टूट रही है।

### आज कुम्हली में जनसमस्या निवारण शिविर

मोहला (दावा)। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत 3 जून को जनपद पंचायत मोहला के ग्राम पंचायत कुम्हली में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। कुम्हली क्लस्टर में कुम्हली, गिधाली, अड़मागोंदी, ककईपार, मटेवा, शेरपार, मुकादाह, मोहभट्ठा, हर्राटोला, कंगलूटोला, गोटाटोला इस तरह 11 ग्राम पंचायत शामिल हैं। शिविर में विभिन्न योजनाओं से अनेक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। शिविर में शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने ग्रामीणजनों को शिविर में उपस्थित होने अपील की है।

### चाकू दिखाकर लोगों को आतंकित कर रहा युवक पकड़ाया

रायपुर (दावा)। राजधानी रायपुर में कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश कर रहे एक युवक को सरस्वती नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी धारदार चाकू लेकर सार्वजनिक स्थान पर लोगों को डराने-धमकाने और आतंकित करने की कोशिश कर रहा था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुकुरबेड़ा स्थित ओवरब्रिज के नीचे एक युवक हाथ में चाकू लेकर आम लोगों में दहशत फैला रहा है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना सरस्वती नगर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शांतनु सिक्का (23 वर्ष) निवासी ज्योति नगर, कोटा, थाना सरस्वती नगर, रायपुर के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक धारदार चाकू बरामद किया गया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की है। आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की वैधानिक प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर हथियार लेकर लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# धारिया से पद्मावतीपुर तक पक्की सड़क निर्माण की मांग फिर हुई तेज, सुशासन तिहार में प्रभारी मंत्री को सौंपेंगे ज्ञापन

**0 एटीकसा, भूरसाटोला और खोंघा होते हुए पहुंच मार्ग को पक्की सड़क से जोड़ने की गुहार, बारिश में बढ़ जाती है ग्रामीणों की आफत**



छुईखदान (दावा)। विकासखंड छुईखदान के अंतर्गत आने वाले ग्राम धारिया एवं आसपास के ग्रामीण एक बार फिर अपनी वर्षों पुरानी सड़क निर्माण की मांग को लेकर मुखर हो गए हैं। अपनी बुनियादी जरूरत के लिए तरस रहे ग्रामीणों ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। क्षेत्रवासियों ने एक आवश्यक बैठक कर निर्णय लिया है कि वे आगामी सुशासन तिहार के दौरान जिले के प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपकर धारिया से एटीकसा, भूरसाटोला और खोंघा होते हुए पद्मावतीपुर पहुंच मार्ग तक पक्की सड़क निर्माण की पुरजोर मांग करेंगे।

ग्रामीणों का कहना है कि इस मुख्य मार्ग के पक्कीकरण की मांग पिछले कई वर्षों से लगातार की जा रही है, लेकिन अब तक प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस या सकारात्मक पहल नहीं की गई है। केवल आश्वासनों का दौर चलता आ रहा है। आलम यह है कि सामान्य दिनों में तो जैसे-तैसे काम चल जाता है, लेकिन बरसात के दिनों में यह कच्ची सड़क पूरी तरह कीचड़ और दलदल में तब्दील हो जाती है। इस वजह से स्कूली बच्चों, मरीजों और आम राहगीरों का आवागमन पूरी तरह ठप हो जाता है और क्षेत्र में आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाना भी दूभर हो जाता है।

ग्रामीणों के अनुसार राज्य सरकार द्वारा संचालित सुशासन तिहार के माध्यम से जनता की समस्याओं और जायज मांगों के त्वरित निराकरण का दावा किया जा रहा है। ऐसे में इस बार क्षेत्रवासियों को पूरी उम्मीद है कि सरकार उनकी इस जायज और वर्षों पुरानी मांग पर मुहर लगाएगी। धारिया से पद्मावतीपुर तक का यह मार्ग क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण गांवों को आपस में जोड़ता है। इसके पक्के हो जाने से क्षेत्र की हजारों की आबादी को सीधा लाभ मिलेगा और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। हमने तय किया है कि गोपालपुर में आयोजित होने वाले सुशासन तिहार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण एकजुट होकर पहुंचेंगे और प्रभारी मंत्री को अपनी व्यथा सुनाकर ज्ञापन सौंपेंगे। चुनावी वादों और प्रशासनिक फाइलों में दबी इस सड़क की आस में अब पूरे क्षेत्र की नजरें गोपालपुर में होने वाले सुशासन तिहार पर टिक गई हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि वर्षों से लंबित इस गंभीर समस्या का समाधान आखिर कब होगा? क्या सरकार इस सुशासन तिहार में ग्रामीणों को उनकी इस बहुप्रतीक्षित पक्की सड़क की सौगात देकर सुशासन का असली अहसास कराएगी या ग्रामीणों को एक बार फिर आंदोलन का रास्ता चुनना पड़ेगा।

# ग्राम पिपरिया के आश्रित ग्राम माटेकटा में मुक्तिधाम सह प्रतीक्षालय निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि आवंटित



**सरपंच श्रीमती ईश्वरी ठाकुर के नेतृत्व में विधायक को पुष्पगुच्छ प्रदान कर जताया आभार**

डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम पंचायत पिपरिया की सरपंच श्रीमती ईश्वरी ठाकुर एवं समस्त पंचों द्वारा लंबे समय से लंबित मुक्तिधाम सह प्रतीक्षालय निर्माण कार्य को पूर्णता की ओर अग्रसर करने हेतु शासकीय चारागाह भूमि से उपयुक्त भूमि आवंटन कराने में सफलता प्राप्त की गई है। ग्राम पंचायत पिपरिया के आश्रित ग्राम माटेकटा में मुक्तिधाम सह प्रतीक्षालय निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध न होने के कारण विगत कई वर्षों से यह कार्य लंबित था।

सरपंच श्रीमती ईश्वरी ठाकुर एवं पंचों द्वारा इस दिशा में एक वर्ष तक निरंतर प्रयास किए गए। न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ एवं कलेक्टर कार्यालय राजनांदगांव में नियमित पेशी देकर मामले को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप कलेक्टर राजनांदगांव द्वारा ग्राम माटेकटा स्थित शासकीय चारागाह भूमि में से 0.024 हेक्टेयर (0.06 एकड़) भूमि को मुक्तिधाम निर्माण हेतु आवंटित किया गया है। इस भूमि आवंटन के उपरांत अब मुक्तिधाम सह प्रतीक्षालय निर्माण की आगे की कार्यवाही शीघ्र आरंभ की जा सकेगी तथा निर्माण कार्य को पूर्णता तक पहुँचाया जा सकेगा।

भूमि का आबंटन होने पर सरपंच श्रीमती ईश्वरी ठाकुर एवं समस्त पंचों ने विधायक दलेश्वर साहू एवं जिला कलेक्टर राजनांदगांव के प्रति हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर श्रीमती ईश्वरी ठाकुर एवं सभी पंचों ने विधायक को पुष्पगुच्छ प्रदान कर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह आवंटन ग्रामवासियों की दीर्घकालिक मांग की पूर्ति करेगा तथा क्षेत्र में मुक्तिधाम की सुविधा उपलब्ध होने से आमजन को राहत मिलेगी।ग्राम पंचायत पिपरिया के सभी पदाधिकारी एवं समस्त ग्रामवासी माटेकटा इस सकारात्मक निर्णय के लिए प्रशासन के प्रति कृतज्ञ हैं।

# सीबीएसई परीक्षा परिणामों से जुड़े पुनर्मूल्यांकन एवं उत्तरपुस्तिका जांच शुल्क को लेकर चिंतन आवश्यक



डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव विष्णु लोधी ने सीबीएसई परीक्षा परिणामों से जुड़े पुनर्मूल्यांकन एवं उत्तरपुस्तिका जांच शुल्क को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है।

**शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही आवश्यक- विष्णु लोधी**

उन्होंने कहा कि यदि किसी विद्यार्थी की उत्तरपुस्तिका के मूल्यांकन में त्रुटि होती है तो उसका खामियाजा विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को क्यों भुगतना पड़े। विष्णु लोधी ने कहा कि, वर्तमान व्यवस्था के अनुसार विद्यार्थियों को अपनी ही उत्तरपुस्तिका की डिजिटल कॉपी प्राप्त करने, अंकों के पुनर्गणना (रि-टोटलिंग) तथा उत्तरों के पुनर्मूल्यांकन (रि-इवेल्यूएशन) के लिए अलग-अलग शुल्क जमा करना पड़ता है। कई मामलों में यह राशि हजारों रुपये तक पहुंच जाती है। यह स्थिति उन परिवारों के लिए और अधिक चिंताजनक है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं।

उन्होंने कहा कि यदि मूल्यांकन प्रक्रिया में तकनीकी या मानवीय त्रुटि हुई है तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित संस्था की होनी चाहिए, न कि विद्यार्थियों की। शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों का भविष्य संवारना है, न कि त्रुटियों के सुधार के लिए उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालना।

विष्णु लोधी ने कहा कि, परीक्षा परिणाम केवल अंक नहीं होते, बल्कि लाखों विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, परिश्रम और भविष्य से जुड़े होते हैं। इसलिए मूल्यांकन प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, जवाबदेह और त्रुटिरहित होनी चाहिए। यदि किसी छात्र को अपने प्राप्तांक पर संदेह हो तो उसे न्याय पाने के लिए अतिरिक्त आर्थिक दंड जैसा शुल्क न देना पड़े।

उन्होंने केंद्र सरकार एवं संबंधित शिक्षा प्राधिकरणों से मांग की, कि पुनर्मूल्यांकन और उत्तरपुस्तिका जांच की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाया जाए तथा विद्यार्थियों पर पड़ने वाले अनावश्यक आर्थिक बोझ को कम करने के लिए आवश्यक सुधार किए जाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षा को सेवा और राष्ट्र निर्माण का माध्यम बनाए रखना आवश्यक है, न कि ऐसा तंत्र जिसमें त्रुटियों का भार विद्यार्थियों के कंधों पर डाल दिया जाए।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जालबांधा को मिला एनक्यूएएस प्रमाणन, मरीजों को मिलेगा और बेहतर उपचार

**0 गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान, स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण और मरीज सुरक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन**

**0 कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल और संभाग आयुक्त के मार्गदर्शन में जालबांधा पीएचसी ने रची नई कामयाबी**

खैरागढ़ (दावा)। जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक बेहद गौरवपूर्ण और बड़ी खबर सामने आई है। ग्रामीण अंचल के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) जालबांधा ने चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता के क्षेत्र में देश स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए 'राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक' प्रमाणन प्राप्त किया है। भारत सरकार द्वारा मिलने वाला यह प्रतिष्ठित प्रमाणन ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च स्तरीय, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन का एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

### इन कड़े राष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरा स्वास्थ्य केंद्र

जालबांधा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ने राष्ट्रीय स्तर की टीम के कड़े मूल्यांकन और निरीक्षण में कई अहम बिंदुओं पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह तमगा हासिल किया है। इसमें मुख्य रूप से अस्पताल परिसर की उत्कृष्ट स्वच्छता और पर्यावरण, मरीजों की सुरक्षा और उनके अधिकारों का सम्मान, उपचार की उच्च गुणवत्ता और आधुनिक तौर-तरीके,




अस्पताल के रिकॉर्ड का व्यवस्थित संधारण (मैनेजमेंट), कड़ा संक्रमण नियंत्रण (इन्फेक्शन कंट्रोल) और मरीज हितैषी डॉक्टर-स्टाफ सेवाएं आदि है। इस प्रमाणन के मिलने के बाद अब खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (केसीजी) जिला सहित जालबांधा क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और निःशुल्क कॉर्पोरेट स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं का सीधा लाभ अपने ही गांव में मिलेगा।


### प्रशासनिक मार्गदर्शन और सुधारात्मक कार्यों का सुखद परिणाम

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह ऐतिहासिक सफलता दुर्ग संभाग के आयुक्त सत्यनारायण राठौर के पूर्व में किए गए निरीक्षण, उनके बहुमूल्य सुझावों तथा कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के सतत एवं कड़े मार्गदर्शन का सुखद परिणाम है। कलेक्टर के निर्देश पर अस्पताल में कमियों को दूर करने के लिए लगातार सुधारात्मक प्रयास किए गए, जिसके फलस्वरूप आज केंद्र को राष्ट्रीय पहचान मिली है। इस राष्ट्रीय उपलब्धि को हासिल करने में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. आशीष शर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) डॉ. विवेक बिसेन, बीपीएम आकाश तंबोली, डॉ. गजेंद्र सिंह, यूनिसेफ टीम के डॉ. अक्षय तिवारी और संभागीय क्वालिटी कंसल्टेंट श्रीमती कविता चंद्राकर का महत्वपूर्ण तकनीकी योगदान रहा। वहीं जमीनी स्तर पर संस्था प्रभारी डॉ. मोहम्मद असलम के कुशल नेतृत्व में ग्रामीण चिकित्सा सहायक भारती वर्मा, लैब टेक्नीशियन रामनिवास बंजारे, फील्ड स्टाफ, समर्पित मितानिनों, जीवन दीप समिति तथा ग्राम पंचायत जालबांधा एवं पवनतरा के जनप्रतिनिधियों के आपसी तालमेल और कड़ी मेहनत से यह सपना साकार हो सका है। इस गौरवशाली अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) प्रेम कुमार पटेल एवं सीएमएचओ डॉ. आशीष शर्मा ने पूरी स्वास्थ्य टीम की पीठ थपथपाते हुए बधाई दी है। उन्होंने संयुक्त रूप से कहा कि जालबांधा पीएचसी को राष्ट्रीय प्रमाणन मिलना इस बात का सबूत है कि हमारा जिला सुदूर ग्रामीणों को भी बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस सफलता से प्रेरणा लेकर आने वाले दिनों में जिले के अन्य सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को भी इसी तर्ज पर राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप अपग्रेड (विकसित) किया जाएगा।

# पहला कॉलम...

## सोने में आई गिरावट , 24 कैरेट का दाम 1.56 लाख रुपए के नीचे लुढ़का

नई दिल्ली। सोने में गिरावट का दौर लगातार जारी है और सोमवार



को कीमतों में 900 रुपए से अधिक की गिरावट देखी गई, जिसमें 24 कैरेट का दाम कम होकर 1.56 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के नीचे फिसल गया है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट सोने का दाम 927 रुपए कम होकर 1,55,536 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 1,56,463 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। 22 कैरेट सोने की कीमत कम होकर 1,42,471 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि पहले 1,43,320 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। 18 कैरेट सोने का दाम 1,17,347 रुपए प्रति 10 ग्राम से घटकर 1,16,652 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। चांदी का दाम 100 रुपए कम होकर 2,63,250 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 2,63,350 रुपए प्रति किलो था।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का 5 अगस्त 2026 का कॉन्ट्रैक्ट 0.88 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1,59,501 रुपए और चांदी का 3 जुलाई 2026 का कॉन्ट्रैक्ट 0.18 प्रतिशत की मजबूती के साथ 2,67,467 रुपए पर था।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने और चांदी में कमजोरी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 1.36 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,530 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75 डॉलर प्रति औंस पर थी।

## अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर अनिश्चितता के बीच कच्चे तेल की कीमतों में 1 प्रतिशत की गिरावट

नई दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच जारी बातचीत को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच मंगलवार को वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। इससे पहले पिछले कारोबारी सत्र में तेल की कीमतों में तेज उछाल दर्ज किया गया था, लेकिन बाजार अब वार्ता से जुड़े संकेतों का आकलन कर रहा है। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड लगभग 1 प्रतिशत गिरकर 94.04 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार करता नजर आया। इसी तरह अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 1 प्रतिशत से अधिक गिरकर 91.14 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

घरेलू बाजार में जून डिलीवरी वाले कच्चे तेल के वायदा अनुबंध मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर 28 रुपए या 0.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,708 रुपए पर कारोबार कर रहे थे। सुबह 10ः30 बजे तक इस कमोडिटी ने 8,751 रुपए का दिन का उच्चतम स्तर और 8,690 रुपए का निचला स्तर छुआ। पिछले कारोबारी सत्र में दोनों प्रमुख बेंचमार्क तेल कीमतों में लगभग 5 प्रतिशत की तेजी आई थी। हालांकि बाद में कुछ बढ़त कम हो गई, क्योंकि निवेशक वॉशिंगटन और तेहरान के बीच बातचीत को लेकर विरोधाभासी संकेतों का आकलन कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें ऐसी कोई जानकारी नहीं मिली है कि ईरान ने अमेरिका के साथ बातचीत रोक दी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच चर्चा जारी है। हालांकि, कुछ रिपोर्टों में दावा किया गया कि तेहरान ने अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता को फिलहाल रोक दिया है।

## शेयर बाजार, सेंसेक्स 400 से ज्यादा अंक गिरा

मुंबई। पश्चिम एशिया में जारी संघर्षों के बीच नकारात्मक वैश्विक संकेतों के चलते सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ लाल निशान में खुला।

इस दौरान, अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता में व्यवधान के संकेतों और कमजोर मानसून की आशंकाओं के कारण घरेलू बाजार के प्रमुख बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स 322 अंकों यानी 0.43 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,945.20 पर खुला। तो वहीं, एनएसई निफ्टी50 153.45 अंक यानी 0.65 प्रतिशत टूटकर 23,229.15 पर खुला। खबर लिखे जाने तक (सुबह 9ः18 बजे के करीब) निफ्टी50 134.30 अंक या 0.57 प्रतिशत गिरकर 23,259.70 पर था, तो वहीं सेंसेक्स 437.97 अंक या 0.59 प्रतिशत गिरकर 73,829.37 पर कारोबार कर रहा था।

व्यापक बाजार में, निफ्टी मिडकैप और निफ्टी स्मॉलकैप सूचकांक क्रमशः 0.95 प्रतिशत और 0.96 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। वहीं, सेक्टरवार देखें तो शुरुआती कारोबार में अधिकांश सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में ट्रेड करते नजर आए। निफ्टी ऑटो, निफ्टी रियल्टी और निफ्टी केमिकल्स में करीब 1 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा प्राइवेट बैंक, पीएसयू बैंक, सीमेंट और मीडिया सेक्टर के शेयरों पर भी दबाव देखने को मिला।

# आयरिश टीम का बड़ा धमाका, टी20आई क्रिकेट के इतिहास में पहली बार वेस्टइंडीज को को दी मात

नई दिल्ली। आयरलैंड महिला क्रिकेट टीम ने ऐसा कारनामा कर दिखाया है जिसका इंतजार उसे सालों से था। बारिश से प्रभावित रोमांचक मुकाबले में आयरलैंड ने वेस्टइंडीज को 1 रन से हराकर इतिहास रच दिया। यह पहली बार है जब आयरलैंड ने महिला ज्ञ20 इंटरनेशनल क्रिकेट में वेस्टइंडीज को मात दी है। इस शानदार जीत में सबसे बड़ा योगदान कप्तान ओर्ला प्रेंडरगास्ट का रहा, जिन्होंने गेंद और बल्ले दोनों से कमाल दिखाते हुए अपनी टीम को यादगार जीत दिलाई। ट्राई सीरीज के इस अहम मुकाबले में मिली जीत ने आयरलैंड की फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को भी मजबूत कर दिया है।



पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम की शुरुआत बहुत खराब रही। तेज गेंदबाज एवा कैनिंग ने पावरप्ले में ही दो विकेट झटककर विपक्षी टीम को बैकफुट पर धकेल दिया। 5 ओवर के भीतर ही टॉप आर्डर के बल्लेबाज पवेलियन लौट गए। मुश्किलें तब और बढ़ गईं जब अनुभवी बल्लेबाज स्टेफनी टेलर चोटिल होकर रिटायर्ड हर्ट हो गईं। 49 रन के भीतर टीम के 4 बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके थे। ऐसे मुश्किल समय में जैनिलेया ग्लासगो और शमीन कैम्पबेल ने महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने संयम के साथ रन बनाए और स्कोर को आगे बढ़ाया। हालांकि, डेथ ओवरों में ओर्ला प्रेंडरगास्ट ने फिर से कहर बरपाया और दो अहम विकेट हासिल किए। निचले क्रम के बल्लेबाजों की बदौलत वेस्टइंडीज 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 141 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने में सफल रहा।

142 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। शॉनीशा हेक्टर ने पारी की पहली चार गेंदों के भीतर ही दोनों ओपनरों को आउट कर दिया। इसके बाद कप्तान ओर्ला प्रेंडरगास्ट बल्लेबाजी के लिए उतरीं। उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए लगातार बाउंड्री लगाईं और टीम को मुकाबले में बनाए रखा। हालांकि, वेस्टइंडीज ने बीच में तेजी से तीन विकेट लेकर आयरलैंड को 65/5 पर संकट में डाल दिया, लेकिन प्रेंडरगास्ट ने हार नहीं मानी। उन्होंने अकेले दम पर रन बटोरते हुए मुकाबले को रोमांचक मोड़ पर पहुंचा दिया।

14 ओवर के बाद आयरलैंड का स्कोर 95/5 था, जिसमें अकेले प्रेंडरगास्ट के 71 रन शामिल थे। उस समय छ्रुस् नियम के अनुसार आयरलैंड लक्ष्य से सिर्फ तीन रन पीछे था। इसी दौरान बारिश शुरू हो गई। अंपायरों ने एक और गेंद फेंकने का फैसला किया और लुईस लिटिल ने उस गेंद को किनारा लगाकर चौके के लिए भेज दिया। इसके तुरंत बाद बारिश तेज हो गई और खिलाड़ियों को मैदान छोड़ना पड़ा। मौसम में सुधार नहीं होने के कारण मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका और छ्रुस् नियम के तहत आयरलैंड को 1 रन से विजेता घोषित कर दिया गया। कप्तान को उनकी शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड से नवाजा गया।

## नॉर्वे चेस : प्रग्गनानंदा और गुकेश ने दर्ज की जीत, दिव्या ने हम्पी कोनेरू को हराया



ओस्लो। नॉर्वे शतरंज 2026 के सातवें राउंड में कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंद रमेशबाबू ने क्लासिकल मुकाबले में अलीरेजा फिरोजा को हराया, जबकि विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने आर्मागेडन मुकाबले में वेस्ली सो को मात देकर अतिरिक्त अंक हासिल किए।

प्रज्ञानानंद ने फिरोजा के खिलाफ लंबे संघर्ष के बाद जीत दर्ज की। उन्होंने आत्मविश्वास और सटीक रणनीति के दम पर अपनी बढ़त को जीत में बदल दिया। इस हार के साथ फिरोजा को टूर्नामेंट में दूसरी क्लासिकल पराजय का सामना करना पड़ा, जबकि शीर्ष स्थान की दौड़ और रोमांचक हो गई। गुकेश और वेस्ली सो के बीच क्लासिकल मुकाबला बेहद तनावपूर्ण रहा और अंततः ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इसके बाद खेले गए आर्मागेडन मुकाबले में गुकेश ने जीत दर्ज कर अतिरिक्त अंक अपने नाम किए। वहीं, विश्व नंबर एक मैग्नस कार्लसन और विंसेंट कीमर के बीच लंबा क्लासिकल मुकाबला ड्रॉ रहा। इसके बाद कार्लसन ने आर्मागेडन में जीत हासिल कर अतिरिक्त अंक जुटाए और शीर्ष खिलाड़ियों की दौड़ में बने रहे। सातवें राउंड के बाद, वेस्ली सो 12.5 पॉइंट्स के साथ टूर्नामेंट में आगे चल रहे हैं। अलीरेजा फिरोजा 10 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि मैग्नस कार्लसन, विंसेंट कीमर और प्रज्ञानानंद रमेशबाबू 9-9 अंकों के साथ संयुक्त रूप से उनके पीछे हैं। महिला वर्ग में कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख के बीच क्लासिकल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जो अंततः ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इसके बाद हुए आर्मागेडन मुकाबले में दिव्या ने काले मोहरों से खेलते हुए जीत दर्ज की।

## फ्रेंच ओपन 2026 : सबालेंका ने बनाई चौथे राउंड में जगह, रोमांचक मैच में ओसाका को हराया



पेरिस। एरिना सबालेंका ने रोलैंड गैरोस (फ्रेंच ओपन 2026) में चौथे राउंड के रोमांचक मैच में नाओमी ओसाका को 7-5, 6-3 से हराकर लगातार 14वें ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। महिला ड्रॉ में सबालेंका अकेली ऐसी खिलाड़ी बची हैं जिन्होंने मेजर फाइनल खेला है। सबालेंका का अब सामना 25वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी डायना श्नाइडर से होगा, जिन्होंने 19वीं वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज को तीन सेट में हराकर अपने करियर के पहले ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। ओसाका ने मैच की शानदार शुरुआत की और पहले दो गेम जीत लिए। दूसरी ओर, सबालेंका शुरू से ही संघर्ष करती नजर आईं। उन्होंने पांच ऐसी गलतियां कीं जो बिना दबाव के हुईं, जिनमें एक डबल फॉल्ट भी शामिल था। यह डबल फॉल्ट ब्रेक पॉइंट पर हुआ, जिससे ओसाका को शुरुआती बढ़त बनाने में मदद मिली।

शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सबालेंका ने खराब शुरुआत के बाद शानदार वापसी की। उन्होंने दो शानदार फोरहैंड विनर लगाए और तुरंत ब्रेक की भरपाई कर ली। इसके बाद उन्होंने पूरे मैच में अपनी सर्विस मजबूत रखी। डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार, मैच के बाकी हिस्से में उन्हें एक भी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा और उनके सर्विस गेम शायद ही कभी ड्यूस तक पहुंचे।

सबालेंका की सर्विस पर पूरे मैच में सिर्फ एक बार मुकाबला ड्यूस तक पहुंचा। यह दूसरे सेट का छठा गेम था, जब ओसाका 3-2 से आगे चल रही थीं। करीब छह मिनट तक चले इस गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली।

हालांकि, इसके तुरंत बाद ओसाका अपनी बढ़त कायम नहीं रख सकीं। सबालेंका ने मौके का फायदा उठाया और लगातार चार गेम जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। इस दौरान ओसाका को मिले अहम मौकों को वह भुना नहीं सकीं, जिससे मैच का रुख पूरी तरह सबालेंका की ओर मुड़ गया।

## भारत बनाम अफगानिस्तान टेस्ट मैच 6 जून से न्यू चंडीगढ़ में खेला जाएगा

नई दिल्ली। भारत और अफगानिस्तान के बीच सीरीज शुरू होने में अब कुछ ही वक्त बचा है। भारतीय टीम लंबे समय बाद इंटरनेशनल मैच के लिए मैदान में उतरेगी। पहले टीम सफेद जर्सी में दिखेगी, क्योंकि टेस्ट मुकाबला है। इसके बाद अपनी परम्परागत नीली ड्रेस में नजर आएगी। इस बीच आपको ये पता होना चाहिए कि भारत और अफगानिस्तान के बीच जो एक टेस्ट मैच खेला जाएगा, वो किस चैनल पर आएगा। आप टीवी और मोबाइल पर मैच कैसे देख सकते हैं। कहीं ऐसा ना हो कि आप गलती कर जाएं, इसलिए अभी से इसके बारे में जान लीजिए।

अफगानिस्तान क्रिकेट टीम टेस्ट और वनडे सीरीज के लिए भारत आ रही है। पहले एक टेस्ट मैच खेला जाएगा, इसके बाद तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। हालांकि टेस्ट मैच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं होगा। टेस्ट मैच 6 जून से शुरू होने जा रहा है, इस? दिन शनिवार होगा। ये मैच न्यू चंडीगढ़ के मल्लांपुर में खेला जाएगा। जल्द ही टीम इंडिया का यहां पर अपना कैप शुरू हो जाएगा। टेस्ट में टीम इंडिया की कप्तानी शुभमन



गिल करते हुए नजर आएंगे। बीसीसीआई की ओर से पहले टीम का ऐलान कर दिया गया है।

इस मैच को लाइव देखने की बात है तो इस सीरीज के टेलीकास्ट राइट्स स्टार नेटवर्क के पास हैं। अगर आप टीवी पर मैच देखना चाहते हैं तो उसके लिए आपको स्टार स्पोर्ट्स पर जाना होगा, वहीं अगर आप मोबाइल पर मैच देखना चाहते हैं तो उसके लिए आपाको जियो हॉट स्टार पर जाना होगा। अगर आपके पास स्मार्ट टीवी है तो आप उसमें भी जियो हॉट स्टार पर मैच लाइव देख पाएंगे। अभी कुछ ही दिन पहले तक जो भारतीय खिलाड़ी अलग अलग टीमों से खेल रहे थे, वे अब एक साथ खेलते हुए दिखाई देंगे, इसका इंतजार किया जा रहा है।

मैच का वक्त सुबह साढ़े नौ बजे से होगा, इससे आधे घंटे पहले यानी नौ बजे इसके लिए टॉस होगा। अभी ये पता नहीं चल पाया है कि लंच और टी का ?ब्रेक कितने बजे होगा, जैसे ही इसकी टाइमिंग आएगी, हम आपको उसकी भी जानकारी देंगे। मुकाबला शाम करीब पांच बजे तक चलता रह सकता है। अगर पूरे 5 दिन का खेल हुआ तो ये 10 जून तक चलेगा। देखना होगा कि दोनों टीमें टेस्ट मैच में कैसा प्रदर्शन करती हैं। भारत की टेस्ट टीमः शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल (उप-कप्तान), साई सुदर्शन, ऋषभ पंत (विकेट-कीपर), देवदत्त पडिक्कल, नीतीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, मानव सुथार, गुरनूर बराड़, हर्ष दुबे, ध्रुव जुरेल (विकेट-कीपर) अफ़गानिस्तान की एक टेस्ट टीम : हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), अब्दुल मलिक, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, रहमानुल्लाह गुरबाज़, रहमानुल्लाह ज़दरान, अफ़सर ज़ज़ई, इकराम अलीखिल, अज़मतुल्लाह उमरज़ई, शराफुदीन अशरफ़, नांग्याल खारोताई, क़ैस अहमद, बिलाल सामी, ज़िया शरीफ़ी, सलीम सफ़ी

## फ्रेंचाइजी क्रिकेट के बढ़ते दबदबे से ICC चिंतित, इंटरनेशनल क्रिकेट को बचाने के लिए उठाया बड़ा कदम

नई दिल्ली। दुनियाभर में टी20 फ्रेंचाइजी लीगों का विस्तार होता जा रहा है, जिससे इंटरनेशनल क्रिकेट के भविष्य पर चर्चा तेज हो गई है। खिलाड़ियों के लिए करोड़ों की कमाई वाली लीग्स लगातार बढ़ रही हैं और कई स्टार क्रिकेटर नेशनल टीमों की बजाय फ्रेंचाइजी क्रिकेट को प्राथमिकता देने लगे हैं।

इसी बढ़ती चिंता के बीच इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी ICC ने बड़ा कदम उठाते हुए एक विशेष समिति गठित करने का फैसला किया है, जो यह जांच करेगी कि फ्रेंचाइजी क्रिकेट और इंटरनेशनल क्रिकेट को एक साथ कैसे संतुलित रखा जाए।

ICC बोर्ड ने दुनिया भर में तेजी से बढ़ रही T20 फ्रेंचाइजी लीगों को देखते हुए एक समर्पित समिति के गठन को मंजूरी दी है। इस समिति का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना होगा कि फ्रेंचाइजी क्रिकेट मौजूदा इंटरनेशनल क्रिकेट कैलेंडर के साथ कैसे साथ में चल सकता है, ताकि मौजूदा ढांचे पर कोई नकारात्मक असर न पड़े। ICC के अनुसार, सदस्य देशों के क्रिकेट बोर्ड इस बात को लेकर चिंतित हैं कि घरेलू T20 लीगों के विस्तार से द्विपक्षीय सीरीज और ICC के फ्यूचर टूर प्रोग्राम यानी FTP पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। ICC ने अपने बयान में कहा कि बोर्ड ने फ्रेंचाइजी क्रिकेट के बढ़ते विस्तार पर चिंता व्यक्त की और मौजूदा ढांचे के भीतर इंटरनेशनल कैलेंडर के साथ फ्रेंचाइजी क्रिकेट के सामंजस्य का आकलन करने के लिए एक समिति बनाने का निर्णय लिया।

**CBSE में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल:**

इसी वजह से विपक्ष और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने पारदर्शिता को लेकर चिंता जताई है।

**डेटा सुरक्षा पर भी बढ़ी चिंता:** साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों ने डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली और पोर्टल की सुरक्षा को लेकर चिंताएं जताई हैं। छात्रों की व्यक्तिगत जानकारी और परीक्षा रिकॉर्ड की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठे हैं। इन मुद्दों को देखते हुए सीबीएसई ने सरकारी एजेंसियों और आईआईटी के विशेषज्ञों की मदद से तकनीकी समीक्षा शुरू की है। बोर्ड का कहना है कि सभी शिकायतों की जांच की जा रही है और जरूरत पड़ने पर सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

**0 जरूरत पड़ने पर अन्य अधिकारियों की भी ले सकेंगी मदद:** सरकारी आदेश में कहा गया है कि समिति की अध्यक्ष एस. राधा चौहान आवश्यकता पड़ने पर अन्य विभागों और कार्यालयों के अधिकारियों की सहायता भी ले सकेंगी। वहीं समिति को सचिवीय सहायता कैपेसिटी बिल्डिंग कमेटी द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

**0 एक महीने में सौंपनी होगी रिपोर्ट:** सरकार ने जांच समिति को अपनी रिपोर्ट एक महीने के भीतर कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को सौंपने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि पिछले दिनों से सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली, मूल्यांकन प्रक्रिया और ओएसएम टेंडर प्रक्रिया को लेकर कई सवाल उठे थे। इसी बीच छात्रों और विभिन्न संगठनों ने भी पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग की थी। अब सरकार के इस फैसले को सीबीएसई मामलों में जवाबदेही तय करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

**भारतीय वायुसेना हुई और भी ज्यादा....**

विकसित ठोस प्रणोदक वायु-प्रक्षेपित मिसाइल प्रणाली है, जो दुश्मन के अनेक तरह के टारगेट को तबाह करने में सक्षम है। विभिन्न डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन) प्रयोगशालाओं द्वारा विकसित कई अत्याधुनिक स्वदेशी टेक्नॉलॉजी को रुद्रम-2 मिसाइल सिस्टम में शामिल किया गया है।

**0 रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की सराहना:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी डीआरडीओ और भारतीय वायु सेना को रुद्रम-2 मिसाइल के सफल परीक्षण पर बधाई दी है। रक्षा मंत्री ने मिसाइल के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ, भारतीय वायु सेना, रक्षा उपक्रमों, रक्षा उपक्रमों और उद्योग जगत के प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इस परीक्षण से स्वदेशी रक्षा टेक्नॉलॉजी की बढ़ती परिपक्वता का प्रदर्शन हुआ है। ये उन्नत हथियार सिस्टमों में आत्मनिर्भरता में महत्वपूर्ण योगदान देती है।

**महाघोटालाः पुरुषों को मिल रहा....**

लेकिन मुआवजे की भारी-भरकम राशि 80 किलोमीटर दूर फलता में बांट दी गई। कागजों पर 10,000 फर्जी मछुआरों की सूची बनाकर प्रत्येक के खाते में 20-20 हजार रुपये ट्रांसफर किए गए, जबकि स्थानीय वास्तविक पीड़ित आज भी दाने-दाने को मोहताज हैं। इस घोटाले के पीछे अभिषेक बनर्जी के करीबी जहांगीर खान का नाम सामने आ रहा है, जो फिलहाल फरार है। इसके अलावा, डायमंड हार्बर के दियारक अंचल में तृणमूल के बंद कार्यालय का ताला तोड़ने पर भारी मात्रा में गरीबों के जाब कार्ड और राशन कार्ड बरामद हुए हैं। आरोप है कि नेताओं ने 100 दिन के काम का पैसा खुद हड़प लिया।

**0 जीवित पुरुष डॉक्टर के खाते में आ रहा था विधवा भत्ताः** पश्चिम मेदिनीपुर के पिंगला ब्लाक में भ्रष्टाचार की सारी हदें पार हो गई, जब एक पुरुष डाक्टर डा अमलेंदु विकास मंडल के खाते में महीनों से विधवा भत्ते की राशि जमा हो रही थी। पुलिस ने आरोपी डाक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। डाक्टर ने खाते में पैसे आने की बात स्वीकार की है, लेकिन इसे प्रशासनिक लापरवाही या तकनीकी गड़बड़ी का नाम दिया जा रहा है। इन सभी

### प्रथम पृष्ठ का शेष....

मामलों पर कड़ा रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि इन वित्तीय घोटालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076....**

एल-4 स्तर तक स्वचालित रूप से ट्रांसफर करने की तकनीकी प्रक्रिया समझाई गई। नागरिकों से उनकी संतुष्टि का फीडबैक लेने की पारदर्शी प्रक्रिया के बारे में बताया गया। सुशासन एवं अभिसरण विभाग के संयुक्त सचिव मयंक अग्रवाल ने बताया कि इस सिस्टम से शिकायत निवारण दर और नागरिक संतुष्टि दोनों में तेजी से सुधार आएगा। आगामी लॉन्चिंग के बाद नागरिक टोल-फ्री नंबर 1076 पर कॉल करके, वेब पोर्टल, समर्पित मोबाइल ऐप और व्हाट्सएप के माध्यम से अपनी शिकायतें सीधे दर्ज करा सकेंगे।

**जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में.....**

फातरी की ओर जाने वाले मार्ग को साफ किया जा सके। जनता से अनुरोध है कि मानसून के मौसम में नालों और नदियों से दूर रहें और बारिश या बाढ़ से संबंधित किसी भी स्थिति की सूचना तुरंत नियंत्रण कक्ष, स्थानीय तहसीलदार या राजस्व अधिकारियों को दें ताकि राहत और बहाली के कार्य शीघ्रता से किए जा सकें।

**पश्चिम बंगाल में महाराष्ट्र जैसा.....**

***0 निष्कासित नेता ऋतब्रत बनर्जी के समर्थन में आया बागी गुट, खुद को बताया असली टीएमसी:*** इस पूरे सियासी घटनाक्रम में सबसे दिलचस्प और चौंकाने वाला मोड़ तब आया, जब तृणमूल कांग्रेस ने कथित तौर पर पार्टी-विरोधी गतिविधियों के संगीन आरोपों में वरिष्ठ नेता ऋब्रत बनर्जी को एक अन्य विधायक संदीपान साहा के साथ पार्टी से तत्काल निष्कासित कर दिया। निलंबित टीएमसी नेता रीजू दत्ता ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए खुले तौर पर स्वीकार किया है कि इस समय पश्चिम बंगाल में शिवसेना का महाराष्ट्र मॉडल पूरी तरह लागू हो चुका है। सूत्रों के हवाले से खबर है कि टीएमसी के बागी विधायकों का एक बहुत बड़ा गुट ऋतब्रत बनर्जी को विधानसभा में आधिकारिक तौर पर नेता प्रतिपक्ष के रूप में समर्थन देने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो ममता बनर्जी के लिए अब तक का सबसे घातक राजनीतिक झटका माना जा रहा है।

**0 मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी का जाली हस्ताक्षर का आरोप, सीआईडी करेगी पूरे मामले की जांचः** यह पूरा विवाद तब और अधिक कानूनी पचड़े में फंस गया, जब सोमवार को मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने विधानसभा अध्यक्ष को भेजे गए एक पत्र का हवाला देते हुए टीएमसी पर बेहद गंभीर आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि स्पीकर को सौंपे गए पत्र पर टीएमसी के कुछ विधायकों के हस्ताक्षर पूरी तरह जाली थे, जिसके जरिए शोभनदेव चट्टोपाध्याय को नेता प्रतिपक्ष के तौर पर नामित करने का प्रयास किया गया था। बाद में विधायकों- ऋतब्रत बनर्जी और संदीपान साहा ने भी अपने हस्ताक्षरों की जालसाजी को लेकर शिकायत दर्ज कराई। बागी गुट के पूर्व प्रवक्ता ने साफ किया कि चूंकि 80 टीएमसी विधायकों में से दो-तिहाई विधायक उनके साथ हैं, इसलिए वे खुद को विधानसभा अध्यक्ष के सामने असली टीएमसी के तौर पर पेश करेंगे और उनका उम्मीदवार ही विपक्ष का असली नेता होगा। फिलहाल, पश्चिम बंगाल की सीआईडी इस हस्ताक्षर हेराफेरी के हाई-प्रोफाइल मामले की गहन विधिक जांच कर रही है और इस सिलसिले में पूछताछ के लिए अभिषेक बनर्जी को भी तलब किया गया है।

**रायपुर डीजीजीआई का बड़ा ऑपरेशन!.....**

बिलिंग के संकेत मिले हैं। एजेंसी अब यह पता लगाने में जुटी है कि इन कंपनियों के जरिए कितना फर्जी टैक्स क्रेडिट लिया गया और इसका लाभ किन लोगों तक पहुंचाया गया।

**0 कई राज्यों तक फैला हो सकता है नेटवर्कः** डीजीजीआई अधिकारियों का कहना है कि मामला काफी बड़ा हो सकता है। शुरुआती जांच में संकेत मिले हैं कि फर्जी टैक्स क्रेडिट का यह नेटवर्क कई राज्यों तक फैला हुआ है। जांच एजेंसियों को संदेह है कि इस नेटवर्क के जरिए करोड़ों रुपए के फर्जी बिल तैयार किए गए और त्स्ञ्ज नियमों का दुरुपयोग कर टैक्स चोरी की गई। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में कई और लोगों के नाम सामने आ सकते हैं। कार्रवाई के दौरान डीजीजीआई की टीम ने आरोपी के घर से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, मोबाइल फोन और अन्य रिकॉर्ड भी जब्त किए हैं। अब इन डिजिटल और दस्तावेजी सबूतों की गहराई से जांच की जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि मोबाइल और दस्तावेजों से नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और कंपनियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। जांच एजेंसियां आरोपी की संपत्तियों की भी जांच कर रही हैं। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ वर्षों में उसकी आर्थिक स्थिति में तेजी से बदलाव आया था। गांव में नया मकान, लग्जरी वाहन और अन्य संपत्तियों को लेकर भी जांच की जा रही है। एजेंसी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कहीं फर्जी कारोबार से अर्जित रकम का इस्तेमाल संपत्तियां खड़ी करने में तो नहीं किया गया।

**0 आगे हो सकते हैं बड़े खुलासेः** डीजीजीआई अधिकारियों का कहना है कि मामले में कई अहम सुराग मिले हैं और जांच अभी जारी है। संभावना जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। फर्जी ITC घोटाले के इस मामले ने एक बार फिर GST सिस्टम में हो रहे दुरुपयोग और फर्जी कंपनियों के नेटवर्क को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। जांच एजेंसियां अब पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने में लगी हैं, ताकि इस घोटाले से जुड़े सभी लोगों तक पहुंचा जा सके।

# ई तथा टी संवर्ग में स्वीकृत प्राचार्य के 10 प्रतिशत पदों पर सीमित विभागीय परीक्षा द्वारा नियुक्ति करने का नियम है- फेडरेशन



**NPS और OPS कटौती में कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति लाभ पर अनिश्चितता है-फेडरेशन**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रतिनिधिमण्डल ने डॉ.कमलप्रीत सिंह सचिव स्कूल शिक्षा एवं ऋतुराज रघुवंशी संचालक लोक शिक्षण से मिलकर 4 सूत्रीय ज्ञापन दिया है।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, प्रांतीय प्रमुख महामंत्री सतीश ब्यौहरे, जिला संरक्षक मुकुल साव जिला अध्यक्ष पी. आर. झाड़े, पीएल साहू, जितेंद्र बघेल, सी.एल.चंद्रवंशी, वीरेंद्र कुमार रंगारी, बृजभान सिन्हा, पुष्पेंद्र साहू, शिरीष कुमार पांडे, हेमंत पांडे, उत्तम डड़सेना, अब्दुल कलीम खान, सुधांशु सिंह, सोहन निषाद, संजीव मिश्रा, संगीता ब्यौहरे, नीलू झाड़े, सीमा तरार, यामिनी साहू, स्वाति वर्मा, अनिल साहू एवं शीतल कुमार टंडन ने बताया कि प्राचार्य के स्वीकृत पदों पर 90प्रतिशत पद पदोन्नति द्वारा तथा 10प्रतिशत पद सीमित विभागीय परीक्षा द्वारा नियुक्त करने का नियम है। शिक्षा विभाग के द्वारा 90 प्रतिशत कोटा के अंतर्गत पदोन्नति किया गया है। लेकिन 10 प्रतिशत कोटा अंतर्गत भर्ती लंबित है। छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग) भर्ती तथा पदोन्नति नियम 5 मार्च 2019 एवं 13 फरवरी 2026 के अनुसूची-दो में 10प्रतिशत पदों पर अशासकीय/ निजी अनुदान प्राप्त स्कूल/ स्वायत्तशासी निकाय में कार्यरत शिक्षकों के सीमित परीक्षा के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने का उल्लेख है। यह भर्ती लोक सेवा आयोग द्वारा किये जाने का प्रावधान है।

जिस पर सकारात्मक चर्चा हुआ है। सहायक शिक्षक संवर्ग को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान स्वीकृति एवं सीमित विभागीय परीक्षा से चयनित प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक को समयमान वेतनमान स्वीकृति के मुद्दे पर विस्तृत चर्चा हुआ है। फेडरेशन का कहना है कि प्रधानपाठक प्राथमिक शाला को वित्त निर्देश 15/2023 दिनांक 9/5/23 के द्वारा प्रथम उच्चतर वेतनमान 9300-34800+4400(लेवल 10) तथा द्वितीय उच्चतर वेतनमान 15600-39100+5400 (लेवल 12) स्वीकृत हुआ है।लेकिन, प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक (जोकि राजपत्रित है) को समयमान वेतनमान स्वीकृति आदेश जारी नहीं हुआ है। जिसके कारण प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक का वेतन माध्यमिक विद्यालय के प्रधानपाठक से अधिक हो गया है। फेडरेशन के द्वारा ज्ञापन निरंतर दिया जाता रहा है। लेकिन विभाग समाधान नहीं कर पा रहा है।

फेडरेशन के कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार के सभी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों और अधिकारियों को वित्त विभाग के आदेश 28 अप्रैल 2008 (वित्त निर्देश 11/2008) द्वारा दो स्तरीय समयमान तथा आदेश दिनांक 8 अगस्त 2018 (वित्त निर्देश 43/2018) द्वारा तृतीय समयमान वेतनमान का लाभ मिल गया है। लेकिन सहायक शिक्षक (ई एवं टी संवर्ग) के पद पर नियुक्त हुए शिक्षकों को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान का लाभ नही मिला है। उनको आज पर्यन्त क्रमोन्नत योजना का वेतन मिला है। जबकि छत्तीसगढ़ शासन ने 1 अप्रैल 2006 से क्रमोन्नत योजना को संशोधित कर समयमान वेतन योजना को लागू कर दिया था। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने NPS और OPS कटौती में कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति लाभ पर विस्तृत चर्चा किया है। फेडरेशन के कहना है कि NPS योजना के तहत नवंबर 2012 से कर्मचारी एवं सरकार द्वारा 10 प्रतिशत अंशदान जमा हो रहा था। लेकिन सरकार ने OPS योजना को 1 अप्रैल 2022 से लागू किया है, जिसको नवंबर 2012 से लागू करना चाहिये। प्रतिनिधिमंडल में राजेश चटर्जी प्रांताध्यक्ष, सतीश ब्यौहरे प्रमुख महामंत्री, आकाश राय महामंत्री, पवन सिंह उपाध्यक्ष, सर्व जिला अध्यक्ष दयालूराम साहू (धमतरी), पी. आर. झाड़े (राजनांदगांव), देवमणी साहू (रायपुर), चंचल द्विवेदी (दुर्ग), नीलम सोनी सचिव, विनोद कुमार ठाकुर, सीताराम साहू, रोम रात्रे, लक्ष्मीकांत तिवारी, देवेन्द्र साहू शामिल रहे।

# प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज की जिला कार्यकारिणी गठित



**सुंदरकांड की चौपाइयों ने पुरुषोत्तम मास के महत्व को चौगुना किया**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज की जिला कार्यकारिणी का गठन जिलाध्यक्ष श्रीमती ममता अवस्थी के मार्गदर्शन में किया गया।

इससे पूर्व श्रीमती अवस्थी ने अपने निवास पर मीटिंग का आयोजन कर पुरुषोत्तम मास के पुण्य अवसर पर सुंदरकांड का संगीतमय पाठ संपन्न कराया। सामाजिक कल्याण हेतु संकल्पित होकर कार्य करने का वचन सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दिया। जिला कार्यकारिणी के गठन से पूर्व प्रदेश महासचिव श्रीमती वंदना तिवारी, शहर अध्यक्ष श्रीमती संगीता मिश्रा तथा श्रीमती अनीता बाजपेई ने प्रेरक बातें कहते हुए समाज में संगठन की ताकत को मजबूत करने सभी का आव्हान किया। जिला कार्यकारिणी के तहत सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु श्रीमती ममता शर्मा, श्रीमती सुमन शुक्ला, श्रीमती संध्या तिवारी, श्रीमती रंजना शर्मा, श्रीमती ज्योति मिश्रा तथा श्रीमती नीलम शुक्ला को प्रभार सौंपा गया। इसी तरह शिक्षा समिति में श्रीमती स्वाति शुक्ला, श्रीमती पुष्पांजलि शुक्ला, श्रीमती सुधा तिवारी, श्रीमती मंजूषा बाजपेयी एवं श्रीमती आकांक्षा शुक्ला को जवाबदारी दी गई। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज छत्तीसगढ़ के मीडिया प्रभारी के रूप में डॉ. सूर्यकांत मिश्रा का मनोनयन किया गया। संपूर्ण आयोजन का प्रभावी अंदाज में मंच संचालन श्रीमती इन्दुमती मिश्रा द्वारा किया गया।

# आर.के.सी. में सबसे कम फीस में उच्च गुणवत्ता शिक्षा का वादा- प्राचार्य

राजनांदगांव (दावा)। रायल किड्स कॉन्वेंट में विद्यार्थियों के लिए कम फीस में उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा का सुनहरा अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है।

प्राचार्य अभिषेक खण्डेलवाल ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा समग्र विकास पर आधारित शिक्षा प्रदान की जा रही है। विद्यालय प्रबंधक संजय बहादुर सिंह ने मेधावी विद्यार्थियों के लिए विशेष छात्रवृत्ति योजना भी घोषित की है। किसी भी कक्षा में, किसी भी विद्यालय से 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी, जबकि 90 से 95 प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थियों को 75 प्रतिशत शुल्क में छूट प्रदान की जाएगी। 80 से 90 प्रतिशत पाने वाले छात्र छात्राओं को शुल्क में 50 प्रतिशत की विशाल आकर्षक छूट दी जाएगी। प्रबंधक संजय बहादुर सिंह के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और अधिक से अधिक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना है। रॉयल किड्स कॉन्वेन्ट की यह पहल अभिभावकों और विद्यार्थियों के लिए एक सराहनीय अवसर मानी जा रही है।



प्रबंधन समिति अध्यक्षा डॉ. सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, डायरेक्टर संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, अकैडमिक डायरेक्टर अभिषेक खण्डेलवाल, बरसर आई.के. वैषणव ने प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं का स्वागत किया है।

# नाबार्ड द्वारा महिला समूहों को दिया मछलीपालन का प्रशिक्षण




**मछलीपालन एक ऐसा व्यवसाय है जिसमें किसान कम लागत में अधिक मुनाफा हासिल कर सकते हैं।**

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सहयोग से प्रतिभा महिला एवं बाल विकास समिति, राजनांदगांव द्वारा डोंगरगांव वि.खं. के ग्राम माथलडबरी के महिला स्वयं सहायता समूहों की 30 महिलाओं को स्वरोजगार के लिए उघमिता विकास प्रशिक्षण के अंतर्गत 15 दिवसीय मछलीपालन प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रशिक्षण में उपस्थित विशेष अतिथियों के द्वारा समूह की महिलाओं को बताया कि महिला समूह ऐसे व्यवसाय को करें जिससे उन्हें आसानी से मार्केटिंग की व्यवस्था हो जाए और उस उत्पाद की स्थानीय स्तर पर डिमांड हो इसलिए यह मक्षलीपालन का व्यवसाय आप लोगों के लिए एक उत्तम व्यवसाय हो सकता है और कम पूंजी लगाकर भी इस व्यवसाय की शुरुआत किया जा सकता है और स्थानीय स्तर पर ही आपको अपने उत्पाद की मार्केटिंग की व्यवस्था हो सकती है। मछलीपालन में रोजगार की असीम संभावनाएं है। गांव में रहकर समूह की महिलाएं कम पैसे में भी मछलीपालन करके अच्छा इंकम प्राप्त कर सकती है। देश में मछलीपालन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और विभिन्न राज्यों की सरकारों द्वारा कई प्रकार की योजनाएं चलायी जा रही है। प्रशिक्षण के अंतर्गत नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक मनोज कुमार नायक ने समूह की महिलाओं का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि मछली पालन से होने वाली कमाई को देखते हुए सरकार किसानों को मछली पालन के लिए प्रोत्साहित कर रही है। मछलीपालन एक ऐसा व्यवसाय है जिसमें किसान कम लागत में अधिक मुनाफा हासिल कर सकते हैं। यदि आप मछलीपालन का प्रषिक्षण लेकर स्वरोजगार करते है तो आपको अच्छी आर्थिक लाभ प्राप्त होने की संभावना है। संस्था प्रतिभा महिला एवं बाल विकास समिति के अध्यक्ष एकलव्य तिवारी ने प्रषिक्षण के अंतर्गत समूह की महिलाओं को बताया कि जिला मत्स्यपालन विभाग के द्वारा मछली पालकों को प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग हेतु मार्गदर्षन दिया जाता है । प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना भारत सरकार द्वारा मछली पालन क्षेत्र के सतत विकास और मछुआरों के कल्याण के लिए चलाई जा रही एक प्रमुख योजना है, इसका मुख्य उद्देश्य मछली उत्पादन बढ़ाना, नई तकनीक अपनाना, बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और रोजगार के नए अवसर पैदा करना है जिसके अंतर्गत वित्तीय सहायता और सब्सिडी के रूप मे मछली पालकों को तालाब निर्माण, हैचरी, और नई तकनीक के उपयोग के लिए परियोजना लागत पर 40 से 60 प्रतिषत तक की सब्सिडी और ऋष्ण की सुविधा प्रदान की जाती है।

इस 15 दिवसीय उघमिता विकास प्रषिक्षण के अंतर्गत मक्षलीपालन प्रषिक्षण मे भाग लेने वाले महिला स्वयं सहायता समूहों की 30 महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया और मक्षलीपालन हेतु समूहों को बैंक से किस प्रकार विततीय सहायता मिल सकता है, इसके बारे मे बताया गया। इस 15 दिवसीय मक्षलीपालन प्रषिक्षण मे ट्रैनर रूची खंडेलवाल के द्वारा मत्स्य पालन का परिचय, प्रकार, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की मुख्य बातें, मछली पालन के लिए स्थान चयन के मुख्य बिंदु, मछली पालन के लिए प्रमुख प्रजातियां, तालाब या डबरी निर्माण, बीज, गुण, मछली का चारा, दवाई, आरएएस कल्चर, बायोफ्लोक कल्चर, मछली सुखाने मछली धूम्रपान तकनीक, मछली के स्वास्थ्य और बीमारी प्रबंधन, तालाब मे मक्षली पकडना, मछली पालन के लिए तालाब के पानी की गुणवत्ता, तालाब की तैयारी के चरण, मछली के बीज और स्टॉक करने की प्रक्रिया, मछली के बीज खरीदने के स्रोत, मछली के आहार और पोषण के मुख्य बिंदु, मछली के बीज के परिवहन और भंडारण की विस्तृत तकनीकें, सैद्धांतिक और प्रायोगिक प्रशिक्षण एवं मांग और वितरण, उत्पादन और लागत, वित्तीय साक्षरता पर प्रषिक्षण दिया गया एवं प्रषिक्षण के अंतर्गत सभी प्रषिक्षुओं को एक दिवसीय एक्सपोजर विजीट (शैक्षणिक भ्रमण) के लिए अर्जुन्दा स्थित फीश फार्म में भ्रमण कराया गया। प्रशिक्षण के समापन मे सभी 30 प्रशिक्षुओं को नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक मनोज कुमार नायक के द्वारा प्रषिक्षण सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस 15 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक मनोज कुमार नायक, जिला पंचायत सभापति जागृति यदु, सरपंच नंदू यदु, मछलीपालन इंस्पेक्टर मुस्कान कोसारिया, ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी सीमा वर्मा, स्टेट बैंक सहायक प्रबंधक अंकित गजभिये, लीड बैंक ट्रेनर गंगाप्रसाद, ट्रैनर रूचि खंडेलवाल संस्था के कर्मचारी एकलव्य तिवारी, रोहित वर्मा, संगीता देवांगन, प्रतिभा साहू, सुरेन्द्र सिन्हा उपस्थित थे।

# नाटक विधा में इंदौर के 'गज फूट इंच' ने मारी बाजी, एकल अभिनय में धमतरी का निर्भया रहा अव्वल

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव थियेटर ग्रुप के तत्वावधान में बीती 31 मई (रविवार) को भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज के भव्य ऑडिटोरियम में अंतरराज्यीय एकल अभिनय एवं नाट्य विधा प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया गया। इस विधा संग्राम में छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश की विभिन्न प्रतिष्ठित नाट्य टोलियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 12 बजे मुख्य अतिथि समाजसेवी दुष्यंत दास, कार्यक्रम अध्यक्ष दीपक कोटांगले, विशिष्ट अतिथि मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. पीएम लुका एवं श्रेयांस सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। शहर के कलाप्रेमियों ने इस वृहद आयोजन को राजनांदगांव का गौरव बताते हुए इसकी जमकर सराहना की।

**राजनांदगांव थियेटर ग्रुप की अंतरराज्यीय प्रतियोगिता संपन्न, इंदौर के नाटक ने हंसाया तो धमतरी की प्रस्तुति ने दर्शकों को रुलाया**

### एकल अभिनय : निर्भया ने जीता दर्शकों का दिल

प्रतियोगिता के पहले चरण में एकल अभिनय की प्रस्तुतियां हुई। जिसमें धमतरी और छिंदवाड़ा (म.प्र.) के कलाकारों ने हिस्सा लिया। धमतरी की कलाकारा ज्योति मागर द्वारा प्रस्तुत मर्मस्पर्शी नाटक निर्भया ने दर्शकों को भावुक कर दिया और प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं छिंदवाड़ा के विजय आनंद दुबे के अभिनय खलनायकम को द्वितीय तथा धमतरी के आकाशगिरी गोस्वामी की प्रस्तुति उफ को तृतीय स्थान मिला। धमतरी के ही नाटक 'कौन हूँ मैं' को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया।




### नाट्य विधा : इंदौर के 'गज फूट इंच' का जलवा

नाट्य विधा में इंदौर के रंगरूट थियेटर ग्रुप की प्रस्तुति गज फूट इंच ने दर्शकों को हंसने पर मजबूर कर दिया और सर्वसम्मति से प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। रायपुर के रंगभूमि थियेटर ग्रुप के नाटक टीस को द्वितीय और धमतरी के शाश्वत उत्सर्ग यूथ थियेटर के नाटक राख को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। छिंदवाड़ा के नाटक पांचवां पराठा (ओम मंच पर अस्तित्व) और राजनांदगांव के इंद्रधनुष थियेटर ग्रुप के नाटक ग्लानी को सांत्वना पुरस्कार के रूप में नकद राशि दी गई। इसके साथ ही पांचवा पराठा के तीनों बाल कलाकारों को विशेष मोमेंटो देकर प्रोत्साहित किया गया।

### विभिन्न श्रेणियों में अवार्ड्स की रही धूम

प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ कला प्रतिभाओं को कैटेगरी अवार्ड्स से भी नवाजा गया। जो इस प्रकार हैं। बेस्ट एक्टरः टिल्लू का किरदार (नाटक- गज फूट इंच, इंदौर), बेस्ट अभिनेत्रीः कायल जैन (नाटक- गज फूट इंच, इंदौर), बेस्ट सह-अभिनेता : रजस (नाटक- टीस, रायपुर), बेस्ट डायरेक्टरः वरुण जोशी (नाटक- गज फुट इंच, इंदौर), बेस्ट स्टोरीः आनंद तिवारी (नाटक- ग्लानी, राजनांदगांव), बेस्ट स्क्रिप्टः शाश्वत उत्सर्ग यूथ थियेटर ग्रुप (धमतरी), बेस्ट खलनायकः शाश्वत उत्सर्ग यूथ थियेटर ग्रुप (धमतरी) एवं बेस्ट लाइट, म्यूजिक व स्टेज प्रॉपर्टी : रंगरूट थियेटर (इंदौर) आदि है। जिन टीमों को कोई स्थान नहीं मिला। उन्हें आमोद श्रीवास्तव व शुभांजलि श्रीवास्तव की ओर से सांत्वना स्वरूप नकद राशि प्रदान की गई। सभी विजेता टीमों को भी नकद पुरस्कार दिए गए। प्रतियोगिता के निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए देश और प्रदेश के ख्यातिलब्ध रंगकर्मी बतौर निर्णायक उपस्थित रहे। जिनमें रायपुर के वरिष्ठ रंगकर्मी राजकुमार सोनी, फील्ड डायरेक्टर संतोष जैन, भिलाई के थियेटर डायरेक्टर शक्ति चक्रवर्ती, डोंगरगढ़ इप्टा के वरिष्ठ रंगकर्मी मनोज गुप्ता एवं कलकत्ता थियेटर ग्रुप के प्रसिद्ध थियेटर कर्मी रंजन कुमार घोष शामिल थे। राजनांदगांव थियेटर ग्रुप द्वारा सभी कलाकारों, अतिथियों और दर्शकों के लिए भोजन की भी उत्कृष्ट व्यवस्था की गई थी।

# वक्ता मंच ने मदन मंडावी को शब्द शिखर सम्मान से नवाजा



डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ की अग्रणी सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक संस्था वक्ता मंच का 31 मई को राजधानी रायपुर के वृन्दावन सभागृह में काव्य महाकुंभ 'रचनाकार सम्मान समारोह' संपन्न हुआ। इस आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जिलों के चयनित कवि, साहित्यकारों को ''शब्द शिखर सम्मान'' से विभूषित किया गया। इस आयोजन के माध्यम से डोंगरगढ़ क्षेत्र के तोतलभर्री, ढारा निवासी शिक्षक कवि, साहित्यकार मदन मंडावी को भी उनकी सृजनशीलता, रचनाधर्मिता, मूल्य चेतना एवं नैतिक मूल्यों हेतु 'शब्द शिखर सम्मान 2026' से नवाजा गया। ज्ञात हो कि यह वक्ता मंच विगत 34 वर्षों से निरंतर गांव एवं शहरों में रचना कर्म करने वालों को प्रोत्साहित करते आ रहे हैं। ग्रामीण युवा कवि, साहित्यकार मदन मंडावी लेखन साधना में निरंतर सक्रिय रहकर विभिन्न क्षेत्रों में अपना कलम चला रहे हैं। आयोजन के मुख्य अतिथि चिकित्सक साहित्यकार डॉ. गीतेश अमरोहित थे। अध्यक्षता डॉ. संयुक्ता गांधी ने की। विशेष अतिथि में सुशील सन्नी अग्रवाल वरिष्ठ पत्रकार, राजकुमार धर द्विवेदी, पंडित पी.के. तिवारी वरिष्ठ पत्रकार, सीमा पांडेय, डॉ. रूपेंद्र, कवि डॉ. अजीत मिश्रा विशिष्ट अतिथि की आसंदी को सुशोभित कर रहे थे।

# जिले में खरीफ सीजन की तैयारियां जोरों पर, समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध

राजनांदगांव (दावा)। जिले में खरीफ सीजन में खेती-किसानी के लिए तैयारी जोरों पर है और किसानों में उत्साह है। किसान सहकारी समितियों में जाकर खाद एवं बीज की खरीदी कर रहे है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने खरीफ सीजन में खेती-किसानी को ध्यान में रखते हुए किसानों को समय पर खाद-बीज का वितरण कराने के निर्देश दिए है।



उन्होंने कहा कि किसानों को खाद-बीज के लिए किसी भी तरह की परेशानी नहीं होना चाहिए। इस वर्ष खरीफ में धान सहित दलहन-तिलहन फसलों में परम्परागत खाद के साथ वैकल्पिक खाद एवं नैनो यूरिया व डीएपी के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सिंगदई के किसान कमल नारायण साहू ढाबा सोसायटी में खाद लेने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उनके पास 2 एकड़ 35 डिसमिल जमीन है। आज यहां 3 बोरी यूरिया, 3 बोरी डीएपी, 3 बोरा पोटाश खाद की खरीदी की है। उन्होंने कहा कि समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। किसान कमल नारायण साहू ने बताया कि आज जरूरत के हिसाब से खाद मिल गया है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी होने से किसानों में खुशी है।

ग्राम फरहद के किसान घनश्याम पटेल ने बताया कि उनके पास 1 एकड़ जमीन है और आज वे ढाबा सोसायटी से खाद एवं राखड़ लेकर जा रहे हैं। वे महामाया धान की फसल लेंगे। उन्होंने बताया कि 30 से 35 कट्टा धान का उत्पादन हो जाता है। जिसे वे कृषक उन्नति योजना के तहत बिक्री करेंगे। ग्राम सिंगदई की ललिता साहू ने बताया कि उनके पास साढ़े 4 एकड़ कृषि भूमि है। वह ढाबा सोयायटी खाद लेने पहुंची थी। उन्होंने सोसायटी से 5 बोरी यूरिया, 5 बोरी पोटाश एवं 5 बोरा डीएपी क्रय किया। उन्होंने कहा कि सोसायटी से समय पर खाद मिलने से खेती-किसानी का कार्य समय पर प्रारंभ हो सकेगा। उन्होंने बताया कि कृषक उन्नति योजना के तहत धान की बिक्री से बहुत लाभ मिल रहा है। किसानों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

# माता अहिल्याबाई होलकर जयंती समारोह श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया

राजनांदगांव (दावा)। शंकरपुर स्थित सामाजिक भवन में पुण्य श्लोक लोकमाता आदरणीय माता अहिल्याबाई होलकर जी की जयंती समारोह का आयोजन 31 मार्च को समस्त स्वजातीय बंधुओं द्वारा श्रद्धा, सम्मान एवं उत्साह के साथ मनाया गया।



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, युवा, महिलाएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माता अहिल्याबाई होलकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उपस्थित वक्ताओं ने माता अहिल्याबाई होलकर के आदर्श जीवन, उनके उत्कृष्ट प्रशासन, समाज सेवा, धर्म एवं संस्कृति के संरक्षण तथा जनकल्याणकारी कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को प्रेरणास्रोत बताया। वक्ताओं ने कहा कि माता अहिल्याबाई होलकर ने अपने शासनकाल में न्याय, सेवा और विकास की जो मिसाल स्थापित की, वह आज भी समाज के लिए अनुकरणीय है।

इस अवसर पर शंकरपुर क्षेत्र की पार्षद श्रीमती अपूर्वा श्रीवास्तव भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों द्वारा शंकरपुर क्षेत्र में पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं को उनके समक्ष रखा गया। पार्षद श्रीमती श्रीवास्तव ने जनहित को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में लेट बाथ (स्नानघर) एवं बोरिंग स्थापना के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की तथा आवश्यक कार्यवाही कर शीघ्र कार्य प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने माता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थापना की भी सहमति प्रदान की। उनके इस सकारात्मक सहयोग का उपस्थित नागरिकों एवं समाजजनों ने स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने सामाजिक एकता, शिक्षा, संस्कार एवं समाज के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। जिनकी उपस्थित जनों ने सराहना की। अंत में सभी अतिथियों, समाजजनों एवं सहयोगकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा माता अहिल्याबाई होलकर जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# दिव्यांगजन अपनी क्षमताओं का उपयोग कर बनें सशक्त एवं आत्मनिर्भर : विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

**0 स्पीकर हाउस में 252 दिव्यांगजनों को बांटे गए 73.53 लाख रुपए के 326 निःशुल्क सहायक उपकरण**

**0 80 प्रतिशत से कम दिव्यांगता वालों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल देने वाला राजनांदगांव प्रदेश का पहला जिला**





राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एआईसी), भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) जबलपुर एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दिव्यांजन सहायक उपकरण वितरण समारोह में शिरकत की। यह वक्त दिव्यांगजनों के खुशियों का साक्षी बना जब विधानसभा अध्यक्ष ने 252 दिव्यांगजनों को 73 लाख 53 हजार रूपए की लागत के 326 निःशुल्क सहायक उपकरण का वितरण किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव, डोंगरगांव, छुरिया के दूरराज क्षेत्रों से दिव्यांगजन आए हैं। भारत सरकार की एडिप योजना, एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एआईसी), भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) जबलपुर के सहयोग से 252 दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि 10 से 13 मार्च तक शिविर लगाकर दिव्यांजनों का चिन्हांकन किया गया था। कार्यक्रम में 113 मोट्राराइज्ड ट्रायसाईकिल, 69 ट्रायसाईकिल, 49 व्हील चेयर, 28 बैसाखी, 38 वाकिंग स्टिक, 2 स्मार्ट फोन, 5 सुगम्य केन, 12 टीएलएम किट, 2 सिलिकॉन कुशन, 8 सीपी चेयर का दिव्यांगजनों को निःशुल्क वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में राजनांदगांव पहला जिला है। जहां 40 प्रतिशत वाले दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्रदाय किया जा रहा है और सर्वाधिक उपकरण भी राजनांदगांव जिले के दिव्यांगजनों को प्रदाय किया जा रहा है। राजनांदगांव जिला प्रदेश का पहला जिला है। जहां 80 प्रतिशत से कम दिव्यांगता वाले 100 हितग्राहियों को भी मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल दी जा रही है। पहले यह सुविधा केवल 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वालों को मिलती थी। जिला प्रशासन द्वारा एक जीवंत, सजग एवं संवेदनशील पहल की गई है। ऐसे दिव्यांगजन जो शेष रह गए हैं। उनके लिए शिविर आयोजित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सीआरसी ठाकुरटोला जाने के लिए पहुंच मार्ग सड़क निर्माण हेतु डीएमएफ अंतर्गत राशि की स्वीकृति की जाएगी। ऐसे दिव्यांगजन जिन्हें पेंशन प्राप्त नहीं होता, उन्हें वीबीरामजी के तहत कार्ड प्रदान किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने दिव्यांगजनों से कहा कि अपनी क्षमता का उपयोग रोजगार सृजन के लिए करेंगे। आत्मनिर्भर बनते हुए अपने परिवार की मदद करें। उन्होंने दिव्यांगजनों को बैंक से ऋण लेकर विभिन्न कार्यों के लिए सहायता करने के लिए भी कहा।

सांसद संतोष पाण्डेय ने स्वामी विवेकानंद के उद्धरण नर सेवा ही नारायण सेवा है का स्मरण करते हुए कहा कि दूरदराज से आज यहां दिव्यांगजन आए हैं। उन्होंने एलिम्को एवं अन्य सभी सहयोगी संस्थानों को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, समाज कल्याण विभाग दिव्यांगजनों की चिंता करते है। जिले में शेष रह गए दिव्यांगजनों को आगामी शिविर में सहायक उपकरण प्राप्त होंगे। छत्तीसगढ़ में दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास एवं सशक्तिकरण के लिए संयुक्त क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) ठाकुरटोला स्थित है। जहां दिव्यांगजनों के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य किया जा रहा है। महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि सेवा कार्य के तहत आज 113 दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोट्राइज्ड ट्रायसाईकिल दी गई है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों का चिन्हांकन करते हुए उनके लिए सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उनका ब्लू प्रिंट तैयार कर उनकी आवश्यकता के संबंध में जानकारी रखी जा रही है। आवश्यकतानुसार दिव्यांगजनों को सहयोग मिलेगा। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 12 हजार 673 दिव्यांगजन चिन्हांकित हैं। अब तक 11 हजार 726 दिव्यांगजनों का यूडीआईडी कार्ड बन गया है। यूडीआईडी कार्ड ही वह आधार है। जिससे शासन की सभी योजनाओं का लाभ सीधे दिव्यांगजनों को मिलता है। जिले में 5442 दिव्यांगजनों को मासिक पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। जिससे उन्हें आर्थिक संबल मिल रहा है। 137 दिव्यांगजनों को स्वरोजगार के लिए दिव्यांगजन वित्त विकास निगम के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया गया है। दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत पिछले वर्ष 14 दिव्यांग दम्पत्तियों को 50 हजार रूपए की राशि दी गई, ताकि वे सम्मान के साथ गृहस्थ जीवन शुरू कर सकें। जिला स्तरीय कार्य योजना 2026-27 तैयार है और क्रियान्वयन शुरू हो चुका है। इस योजना का फोकस सिर्फ उपकरण देना नहीं, बल्कि शिक्षा, कौशल विकास और स्वरोजगार के माध्यम से दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना है। प्रदेश में राजनांदगांव जिले ने सीआरसी केन्द्र की वजह से पूरे राज्य में दिव्यांग पुनर्वास के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी को आगे ले जाते हुए अब जिला प्रशासन का प्रयास होगा कि राजनांदगांव जिले को सुगम्य भारत अभियान के तहत दिव्यांगजनों के लिए सुगम्य बनाया जाये। पिछले 10 माह में हजार से अधिक सहायक उपकरण ट्राईसाइकिल, बैसाखी, श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर विभिन्न शिविरों और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से वितरित किए हैं। इसका सीधा लाभ यह हुआ कि वृद्ध और दिव्यांगजनों का जीवन सुगम और सम्मानजनक बना है। राजनांदगांव जिला प्रदेश का पहला जिला है जहां 80 प्रतिशत से कम दिव्यांगता वाले 100 हितग्राहियों को भी मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल दी जा रही है। पहले यह सुविधा केवल 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वालों को मिलती थी। आज 113 को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल और शेष 138 को अन्य ट्रायसाईकिल, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र, बैसाखी आदि आवश्यक उपकरण दिए जाएंगे। सीएसआर और एडीआईपी योजना के तहत एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया (एआईसी) एवं एलिम्को के माध्यम से कुल 73.53 लाख रूपए के उपकरण वितरित हो रहे हैं। इस अवसर पर संतोष अग्रवाल, शिव वर्मा, गोलू सूर्यवंशी, वर्षा सिन्हा, राजेश श्यामकर, भावेश बैद, उत्तम साहू, पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरड़वार एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी, बड़ी संख्या दिव्यांगजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दिलीप श्रीवास्तव ने किया।

# क्रूरता करने वालों का निलंबन महज औपचारिक कार्रवाई, इतने बड़े अपराध की सजा सिर्फ बर्खास्तगी : जितेंद्र मुदलियार

**सोमनी थाना कांड : उग्र कांग्रेसियों ने किया एसपी कार्यालय का घेराव; गेट पर धरने के बाद बाहर आईं एसपी अंकिता शर्मा**



राजनांदगांव (दावा)। सोमनी थाने में 14 वर्षीय बीमार किशोरी के साथ हुई पुलिसिया क्रूरता और प्रताड़ना के मामले ने अब बड़ा राजनीतिक रूप ले लिया है। इस गंभीर घटना के विरोध में मंगलवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय का जोरदार घेराव किया। मुदलियार ने पुलिस प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि दोषी पुलिसकर्मियों को केवल निलंबित कर प्रशासन अपनी औपचारिकता पूरी कर पल्ला झाड़ रहा है, जबकि इतने बड़े अपराध की सजा सिर्फ और सिर्फ बर्खास्तगी और जेल होनी चाहिए।

### सिविल ड्रेस में आई महिला अफसर को छिपा रही पुलिस

एसपी कार्यालय के सामने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए जितेंद्र मुदलियार ने एक नया और संगीन आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि घटना की रात एक अन्य महिला पुलिस अधिकारी भी सिविल ड्रेस (सादे कपड़ों) में सोमनी थाने पहुंची थी। उन्होंने भी पीडित किशोरी के साथ बेहद अमानवीय और दुर्व्यवहार किया था, लेकिन पुलिस प्रशासन अब उस महिला अफसर को बचाने और मामले को छिपाने की कोशिश कर रहा है। कांग्रेस ने मांग की है कि दोषियों के खिलाफ पोक्सो और किशोर न्याय अधिनियम (जेजे एक्ट) के तहत आपराधिक मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाए।

### नकली प्रेगनेंसी किट: भाजपा नेता के भाई और अफसरों पर हो एफआईआर

कांग्रेस अध्यक्ष ने स्वास्थ्य विभाग और सत्ताधारी दल के बीच साठगांठ का आरोप लगाते हुए कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए बिना जांचे-परखे घटिया या गलत परिणाम देने वाली गर्भ जांच किट खरीदी गई। उन्होंने आरोप लगाया है कि इस किट की आपूर्ति एक रसूखदार भाजपा नेता के भाई द्वारा की गई थी। सत्ता का संरक्षण पाकर निजी मुनाफे के लिए भाजपा नेता और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अब मासूमों की सेहत और सामाजिक सम्मान से खिलवाड़ करने से भी नहीं हिचक रहे हैं। किट खरीदने वाले अधिकारी और सप्लायर दोनों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज होनी चाहिए।

### विधायक और दिग्गजों की चुप्पी पर उठाए सवाल

मुदलियार ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों को घेरते हुए कहा कि बेमेतरा में मुख्यमंत्री का स्वागत न होने पर अधिकारियों पर गुस्सा निकालने वाले स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह अपने ही निर्वाचन जिले के इस अमानवीय सिस्टम पर मौन हैं और दोषियों को संरक्षण देते दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी रूह कंपा देने वाली घटना पर भी सत्ता पक्ष के सांसद, विधायक या महापौर ने प्रशासन से एक सवाल पूछना तक उचित नहीं समझा।

### गेट पर ही धरने पर बैठे मुदलियार, बाहर आई एसपी

इससे पूर्व दोपहर 12 बजे भारी संख्या में कांग्रेसी सतनाम भवन से एकजुट होकर गृहमंत्री और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसपी कार्यालय पहुंचे। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। जब चर्चा के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सामने आए तो आक्रोशित नेताओं ने उनसे बात करने से साफ इंकार कर दिया और सीधे पुलिस अधीक्षक को बुलाने की मांग की। तीखी गहमागहमी के बीच अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार गेट पर ही धरने पर बैठ गए। जिसके बाद स्थिति को संभालने स्वयं एसपी अंकिता शर्मा को चर्चा के लिए बाहर आना पड़ा।

### एक सप्ताह का अल्टीमेटम

एसपी अंकिता शर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए मुदलियार ने पूरी निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी धाराओं में एफआईआर की मांग की। कांग्रेस ने इस पूरी कार्रवाई के लिए पुलिस प्रशासन को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है। चेतावनी दी गई है कि यदि समय रहते दोषियों को जेल नहीं भेजा गया, तो सीधे पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) कार्यालय और जिला कलेक्टोरेट का उग्र घेराव किया जाएगा। साथ ही भाजपा के जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भी सड़क पर उतरकर मोर्चा खोला जाएगा। इस बड़े घेराव और प्रदर्शन में मुख्य रूप से मेहुल मारू, श्रीकिशन खंडेलवाल, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, रमेश राठौर, दिनेश शर्मा, भागवत साहू, रूपेश दुबे, विवेक वासनिक, कमलजीत सिंह पिंटू, संतोष पिल्ले, राकेश जोशी, रूबी गरचा, पप्पू धकेता, इकरामुद्दीन सोलंकी, रुबीना अल्वी, बृजेश श्यामकर, सुदेश देशमुख, माया शर्मा, रोशनी सिन्हा, शारदा तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, महिला विंग और युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खेत में बिछाया मौत का करंट : जंगली सुअर का शिकार करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार, मांस और हथियार जब्त



साल्हेवारा (दावा)। छुईखदान वनमंडल खैरागढ़ के निर्देशन में वन विभाग ने अवैध शिकार के एक बड़े मामले का पर्दाफाश किया है। छुईखदान क्षेत्र के ग्राम खुड़मुड़ी में करंट लगाकर जंगली सूअर का शिकार करने वाले चार आरोपियों को वन विभाग की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से भारी मात्रा में वन्यजीव का मांस और शिकार में इस्तेमाल होने वाले हथियार बरामद किए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग को ग्राम खुड़मुड़ी के एक खेत में अवैध शिकार की गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद वन परिक्षेत्र छुईखदान के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम ने तत्काल मौके पर घेराबंदी कर दबिश दी। जांच में पता चला कि आरोपियों ने खेत में बिजली के खुले तार फैलाकर उसमें करंट प्रवाहित किया था। जिसकी चपेट में आने से एक जंगली सूअर की मौत हो गई थी। भारी मात्रा में जंगली सूअर का मांस, करंट प्रवाहित करने के लिए इस्तेमाल किया गया विद्युत तार, कुल्हाड़ी, हंसिया और शिकार से जुड़ी अन्य सामग्री बरामद किया गया है।

विशेषज्ञों और न्यायालयों ने खेतों या जंगलों में इस तरह अवैध विद्युत जाल बिछाने को वन्यजीवों के साथ-साथ आम नागरिकों के लिए भी बेहद गंभीर खतरा माना है। पूर्व में ऐसे कई मामले सामने आ चुके है। जहां शिकारियों द्वारा बिछाए गए करंट की चपेट में आने से ग्रामीणों और ड्यूटी पर तैनात वनकर्मियों की जान जा चुकी है। यह कृत्य जैव विविधता को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ एक संगीन मानव अपराध भी है। भारत में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत वन्यप्राणियों का शिकार करना पूरी तरह प्रतिबंधित है और इसके लिए कड़े दंड का प्रावधान है। वन विभाग ने चारों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न गैर-जमानती धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायालय ने उन्हें न्यायिक अभिरक्षा (जेल) में भेज दिया है। इस पूरी त्वरित और सफल कार्रवाई में वन परिक्षेत्र छुईखदान के अधिकारियों एवं मैदानी कर्मचारियों की बेहद महत्वपूर्ण और सराहनीय भूमिका रही। वन विभाग ने चेतावनी दी है कि क्षेत्र में अवैध शिकार या करंट लगाने जैसी गतिविधियों पर आगे भी सख्त नजर रखी जाएगी।

# नगर पंचायत अध्यक्ष किरण वर्मा 400 वोटों से जीतेगी चुनाव : राजेश श्यामकर



**पूर्व जिपं सदस्य श्यामकर का बड़ा दावा : घुमका में भाजपा के 13 पार्षद भी दर्ज करेंगे जीत, विकास को मिलेगी नई गति**

घुमका (दावा)। नगर पंचायत घुमका के लिए सोमवार को शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न होने के बाद अब जीत-हार के दावे शुरू हो गए हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर ने चुनावी नतीजों को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भाजपा की अध्यक्ष पद की प्रत्याशी किरण वर्मा कम से कम 400 मतों के भारी अंतर से चुनाव जीत रही हैं। इसके साथ ही नगर पंचायत के 15 वार्डों में से 13 वार्डों में भाजपा के पार्षदों की जीत तय है। राजेश श्यामकर ने शानदार जीत का भरोसा जताते हुए कहा कि घुमका की जागरूक जनता ने भाजपा की नीतियों पर अटूट विश्वास जताया है और आगामी चुनाव परिणाम पूरी तरह से भाजपा के पक्ष में आने वाले हैं।

### भाजपा ही संवारेगी घुमका, विकास को मिलेगी प्राथमिकता

वरिष्ठ नेता श्यामकर ने कहा कि भाजपा हमेशा से विकास और जनसेवा की राजनीति करती आई है। घुमका नगर पंचायत में भाजपा की परिषद (सरकार) बनने के बाद क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि नगर के रुके हुए और अधूरे कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा। बुनियादी सुविधाओं जैसे- शुद्ध पेयजल, स्वच्छता, सुदृढ़ सड़कें, सुचारू बिजली और अन्य जन सुविधाओं से जुड़े कार्यों को त्वरित गति से धरातल पर लाया जाएगा। पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने आगे कहा कि नई परिषद में युवाओं, महिलाओं और स्थानीय व्यापारियों के हितों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उनके उत्थान के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू किया जाएगा। राजेश श्यामकर ने कहा कि श्रीमती किरण वर्मा के नेतृत्व में नगर के प्रथम व्यक्ति से लेकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक को प्राथमिकता दी जाएगी। घुमका को भाजपा ने ही नगर पंचायत बनाया है और भाजपा ही अब इसे विकास की मुख्यधारा से जोड़कर संवारेगी। चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न होने पर राजेश श्यामकर ने कड़ाके की धूप और उत्साह के साथ मतदान करने पहुंचे क्षेत्र के युवाओं, महिला मतदाताओं और समस्त घुमका नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं की मेहनत की भी सराहना की। जिन्होंने चुनाव में दिन-रात एक कर पार्टी के पक्ष में माहौल बनाया।

# लखोली में पारिवारिक विवाद : पत्नी को पीट रहे दामाद ने ससुर पर चाकू से किया जानलेवा हमला, गिरफ्तार

**जी.ई.रोड जिला न्यायालय के पास लगे ठेला खोमचा व ममता नगर मार्ग से अतिक्रमण हटाने दी समझाईस**



राजनांदगांव (दावा)। शहर के लखोली बैगापारा अटल आवास क्षेत्र में पारिवारिक कलह के चलते एक दामाद द्वारा अपने ही बुजुर्ग ससुर पर चाकू से जानलेवा हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बेटी और नाती के लिए खाना लेकर पहुंचे ससुर ने जब दामाद को अपनी बेटी को पीटते देखा और बीच-बचाव किया, तो सिरफिरे दामाद ने उन पर ही हमला कर दिया। सिटी कोतवाली पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी दामाद को गिरफ्तार कर लिया है और उसे जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है।

### बेटी को गालियां दे रहा था दामाद, बीच-बचाव करने पर ससुर पर टूटा

कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र कुमार शाह ने बताया कि पीड़ित (प्रार्थी) ससुर ने मंगलवार 2 जून की रात थाने पहुंचकर मामले की लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार 1 जून की रात करीब 10:30 बजे अपनी बेटी और नाती के लिए खाना लेकर लखोली स्थित उनके घर गया था। जैसे ही वह दरवाजे के पास पहुंचा। उसने देखा कि उसका दामाद दुर्गेश पटेल (उम्र 31 वर्ष), पिता स्व. खेलन पटेल उसकी बेटी अंशिका पटेल को मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा था और हाथ-थप्पड़ से बेरहमी से पीट रहा था। बुजुर्ग ससुर ने जब दामाद दुर्गेश को ऐसा करने से मना किया, तो आरोपी का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। उसने अपने ससुर को भी गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देते हुए पास रखे सब्जी काटने वाले चाकू से उनके सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। जिससे बुजुर्ग ससुर लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े।

### नशे की हालत में पहले भी कर चुका है कई बार मारपीट

पीड़ित ससुर ने पुलिस को अपनी आपबीती सुनाते हुए बताया कि उसका दामाद दुर्गेश पटेल शराब का आदी है और पूर्व में भी नशे की हालत में कई बार उसकी बेटी और उसके साथ मारपीट कर चुका है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने तत्काल आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 285/26, धारा 296, 351 (2), 118 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक (एसपी) सुश्री अंकिता शर्मा को घटना से अवगत कराया गया। उनके कड़े निर्देश और मार्गदर्शन में कोतवाली की पेट्रोलिंग पार्टी ने तत्काल दबिश देकर आरोपी दुर्गेश पटेल को अटल आवास बैगापारा लखोली से हिरासत में लिया। थाने लाकर की गई कड़ी पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। जिसके बाद उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त सब्जी काटने का धारदार चाकू बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी श्री शाह ने बताया कि आरोपी दुर्गेश पटेल पुराना आदतन अपराधी है। वह पूर्व में भी वर्ष 2018 में अपराध क्रमांक 668/18 धारा 324 (आईपीसी) के तहत जेल जा चुका है।

**बेचना हैं**
चिखली थाना के पीछे दीनदयाल कॉलोनी में एक प्लाट (साईज 20x50 वर्ग फीट) डायवर्सन, भवन अनुज्ञा एवं बोर किया हुआ है जिसे शीघ्र बेचना हैं।
-: संपर्क :-
मो.-8103434815

# सिंगदई में चल रहा अवैध प्लाटिंग का खेल, किसानों का रास्ता बंद, पार्षद ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी



**शासन-प्रशासन ने मूंदी आंखें, खसरा नंबर ब्लॉक कर कार्रवाई की मांग, मजबूरन जमीन बेचने को विवश हो रहे भोले-भाले किसान**

राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 50 सिंगदई में इन दिनों भू-माफियाओं के हौसले बुलंद हैं और अवैध प्लाटिंग का कारोबार चरम पर पहुंच चुका है। माफियाओं द्वारा किए जा रहे इस अवैध खेल के कारण स्थानीय किसानों का जीना मुहाल हो गया है। इस गंभीर मामले को लेकर वार्ड पार्षद मुकेश साहू ने तीखा हमला बोलते हुए शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस अवैध प्लाटिंग पर रोक नहीं लगाई गई, तो वे वार्ड वासियों और पीड़ित किसानों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन का बिगुल फूंक देंगे।

वार्ड पार्षद मुकेश साहू ने भू-माफियाओं के कारनामों का पर्दाफाश करते हुए बताया कि सिंगदई वार्ड में धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग की जा रही है। इस दौरान माफियाओं ने किसानों के खेतों तक जाने वाले पारंपरिक रास्तों को बंद कर दिया है। रास्ता बंद होने से बेबस और परेशान भोले-भाले किसानों को पहले बहलाया-फुसलाया जाता है। फिर उनसे औने-पौने दामों में कृषि भूमि खरीद ली जाती है। बाद में इसी जमीन पर अवैध प्लाटिंग की कतरब्योंत कर उसे तिगुने से चौगुने दामों में मोटी रकम पर बेचा जा रहा है। रास्ता ब्लॉक होने के कारण परेशान किसान अपनी बेशकीमती कृषि भूमि को मजबूरन बेचने के लिए विवश हैं। प्रशासनिक अमले को जगाने के लिए पार्षद मुकेश साहू ने क्षेत्र के उन प्रमुख खसरा नंबरों की सूची सार्वजनिक की है, जहां यह अवैध कारोबार धड़ल्ले से फल-फूल रहा है। जिसमें खंडेलवाल पेट्रोल पंप के पास खसरा नंबर 212, 219, 221 का हिस्सा, मोहड़ बाईपास क्षेत्र के पास खसरा नंबर 227/1, 226/4, 225/1 एवं सिंगदई आबादी पारा के पास खसरा नंबर 263/4, 263/5 आदि है। इसके अलावा भी क्षेत्र के कई अन्य खसरा नंबरों पर बड़े पैमाने पर जमीन की अवैध कतरब्योंत जारी है।

### खसरा बैन करने की मांग, अन्यथा सड़कों पर उतरने की चेतावनी

मुकेश साहू ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि नगर निगम और जिला प्रशासन का अमला इस पूरे खेल को देखकर भी आंखें मूंदकर बैठा हुआ है। जिससे भू-माफियाओं के हौसले सातवें आसमान पर हैं। उन्होंने मांग की है कि जिन भी खसरा नंबरों पर अवैध प्लाटिंग की शिकायतें हैं। उन्हें तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित (बैन) किया जाए, ताकि जमीनों की अवैध रजिस्ट्री और खरीद-बिक्री पर तत्काल रोक लग सके। उन्होंने साफ लहजे में प्रशासन को चेताया कि यदि समय रहते भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त बुलडोजर या कानूनी कार्रवाई नहीं हुई, तो सिंगदई के किसान और वार्ड वासी सड़कों पर उतरकर चक्काजाम और उग्र प्रदर्शन करेंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

# गाली-गलौज कर उत्पात मचाने वाला बदमाश गिरफ्तार, भेजा जेल



राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में गाली -गलौज कर उत्पात मचाया वाले आरोपी को धर दबोचा है और उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है। कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देश एवं मार्गदर्शन में कोतवाली थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था को भंग कर उत्पात मचाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलॉफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसके तहत 2 जून को नरेश काजुरकर पिता नरेश काजुरक उम्र 19 साल निवासी शंकर नगर रायपुर नाका के पास लोगों को मेरे खिलाफ चोरी कर रिपोर्ट लिखाये हो कहकर उनके साथ गाली-गलौच कर उत्पात मचा रहा था। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर उसे समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन वह आक्रोशित होकर गाली गुप्तार कर मारने पीटने पर उतारू हो गया । इस पर उसके खिलाफ धारा 170 बीएनएसएस के तहत उसे गिरफ्तार कर धारा 126, 135 (3) बीएनएसएस की कार्यवाही कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

(हेमंत साहू) 98271-56852 94241-15737
**शिव बोरवेल्स एवं प्रापर्टी डिलिंग**
• हर तरह की बोरिंग कार्य हेतु संपर्क करें
• सभी प्रकार के सबमर्सिबल पंप के विक्रेता
• पाईप फिटिंग एवं सेनेटरी की सुविधा
नंदई, कुआं चौक राजनांदगांव (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com